आज का विचार

सच्ची ताकत परिस्थितियों को नियंत्रित करने में नहीं बल्कि अपनी प्रतिक्रिया को संभालने में है।

# दैनिक सिटी दर्पण

आईना सच का



3

सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़ । शुक्रवार, 6 मार्च, 2026 वर्ष 24, अंक 56, मूल्य: 3 रुपए, पृष्ठ 8 RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 www.citydarpan.com


# जब तक पंजाब में आप सरकार है, मुफ्त बिजली जारी रहेगी: भगवंत सिंह मान

## कांग्रेस और अकाली दल ने पंजाब को बर्बाद कर दिया, हम पंजाब को फिर से पटरी पर ला रहे हैं: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

**यज्ञांश शर्मा**
संगरूर

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि पंजाब सरकार के आगामी बजट में आर्थिक विकास को गति देने के साथ-साथ लोगों के कल्याण के उद्देश्य से कई नई जन-पक्षीय पहलें की जाएंगी। जिला संगरूर में लोक मिलनी कार्यक्रम के दौरान एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए और बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने पिछले चार वर्षों के दौरान जनता के पैसे का जिम्मेदारी से उपयोग किया है। राज्य के 90 प्रतिशत से अधिक घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई गई है, 881 आम आदमी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं और बिना रिश्वत या सिफारिश के 63,000 से अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं।शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अकाली नेतृत्व का पंजाब की जमीनी हकीकत से नाता टूट चुका है और उन्हें सत्ता में वापस आने के सपने देखना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां पंजाब के युवाओं को रोजगार के अवसरों की जरूरत है, वहीं सुखबीर सिंह बादल गांवों में ताश के टूनार्मेंट करवाने की बात कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक राजनीतिक दलों ने पंजाब पर कर्ज का भारी बोझ डाला और अपने हितों के लिए काम किया, जबकि मौजूदा पंजाब सरकार सरकारी खजाने के एक-एक पैसे का उपयोग जनता के कल्याण के लिए कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार की भी आलोचना करते हुए कहा कि पंजाब के फंड रोकने के साथ-साथ ध्रुवीकरण की राजनीति के जरिए लोगों को बांटने की कोशिश की जा रही है।



लोक मिलनी कार्यक्रम के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, पंजाब सरकार के आगामी बजट में राज्य के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ कई जन-पक्षीय पहलें पेश की जाएंगी। पिछले चार वर्षों में पंजाब सरकार ने करदाताओं के पैसे को समझदारी से खर्च करते हुए राज्य के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। आने वाला बजट लोगों को राहत देने वाली कई योजनाओं पर केंद्रित होगा।पंजाब के इतिहास में पहली बार बजट रविवार को पेश किया जाएगा और यह राज्य के आर्थिक विकास को और तेज करेगा।

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि पंजाब सरकार जनता के हित में सार्वजनिक धन का अत्यंत सावधानीपूर्वक उपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए मुफ्त बिजली और दिन के समय बिजली आपूर्ति जैसी महत्वपूर्ण पहल ने घरों और किसान समुदाय को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा, आज पंजाब के 90 प्रतिशत से अधिक घरों को मुफ्त बिजली मिल रही है और किसानों को दिन के समय बिजली मिल रही है, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

कहा कि ऐसे समय में जब देश की संपत्तियां केंद्र सरकार द्वारा अपने करीबी मित्रों को सस्ते दामों पर सौंपी जा रही हैं, पंजाब सरकार ने एक निजी थर्मल प्लांट खरीदकर इतिहास रचा है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को काफी मजबूत किया है और चिकित्सा सेवाओं तक लोगों की पहुंच बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य में 881 आम आदमी क्लीनिक खोले गए हैं और सरकारी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के लोग अकाली नेतृत्व को उसके पिछले कार्यों के कारण आगे भी नकारते रहेंगे।

उन्होंने कहा, अकाली दल अब राजनीतिक रूप से सूखे पेड़ों की पार्टी बन चुका है, जिन्हें बार-बार पानी देने पर भी हरा होने की उम्मीद नहीं की जा सकती। वे धर्म का दुरुपयोग करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन अब पंजाब के लोग गुमराह नहीं होंगे। अकाली नेतृत्व लोगों को भ्रमित करने के लिए हवाई किले बना रहा है, परंतु पंजाब के लोग उन्हें फिर करारा जवाब देंगे।


# भारत-फिनलैंड डिजिटल और सस्टेनेबिलिटी में रणनीतिक साझेदारी को देंगे नई गति : मोदी

**एजेंसी (हि.स.)**
नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ वार्ता के बाद कहा कि भारत और फिनलैंड डिजिटलाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में अपने संबंधों को एक नई रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं, जिससे उच्च प्रौद्योगिकी और नवाचार के अनेक क्षेत्रों में सहयोग को गति मिलेगी।

हैदराबाद हाउस में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति स्टब के भारत के पहले दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि वह न केवल एक वैश्विक नेता हैं बल्कि एक प्रतिष्ठित विचारक और लेखक भी हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आयोजित रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि के रूप में उनकी उपस्थिति भारत के लिए सम्मान और प्रसन्नता की बात है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक कई क्षेत्रों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है।ऐसे वैश्विक माहौल में भारत और यूरोप जैसे दो बड़े कूटनीतिक साझेदारों के बीच संबंधों का नया दौर वैश्विक स्थिरता, विकास और साझा समृद्धि को



मजबूत आधार प्रदान कर रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 की शुरूआत में भारत और यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिससे भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग को और मजबूती मिलेगी।

मोदी ने कहा कि भारत और फिनलैंड डिजिटल प्रौद्योगिकी, अवसंरचना और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण साझेदार हैं। उन्होंने कहा कि फिनलैंड की कंपनी नोकिया के मोबाइल फोन और दूरसंचार नेटवर्क ने करोड़ों भारतीयों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि फिनलैंड के वास्तुकारों के सहयोग से चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज बनाया गया है। इसके साथ ही दोनों देशों के सहयोग से असम के नुमालीगढ़ में दुनिया की सबसे बड़ी बांस आधारित बायोएथेनॉल रिफाइनरी की स्थापना भी की गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति स्टब की यात्रा के दौरान भारत और फिनलैंड ने अपने संबंधों को डिजिटलाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है।यह साझेदारी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, 6जी दूरसंचार, स्वच्छ ऊर्जा और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊर्जा देगी।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा रक्षा, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण खनिज जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में भी दोनों देशों की साझेदारी को और गहरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और फिनलैंड जैसे लोकतांत्रिक और जिम्मेदार देशों के बीच यह रणनीतिक साझेदारी विश्व के लिए भरोसेमंद प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने में सहायक होगी।प्रधानमंत्री ने कहा कि फिनलैंड भारतीय छात्रों और प्रतिभाओं के लिए तेजी से एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को जोड़ने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण माइग्रेशन और मोबिलिटी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे संयुक्त अनुसंधान और स्टार्टअप सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि फिनलैंड शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श माना जाता है और दोनों देशों ने शिक्षक प्रशिक्षण, स्कूल-से-स्कूल साझेदारी और शिक्षा के भविष्य पर अनुसंधान सहयोग को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। इससे स्कूल से लेकर उद्योग तक मानव संसाधन विकास के हर स्तर पर सहयोग को और मजबूत किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नॉर्डिक क्षेत्र में फिनलैंड भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है और दोनों देश आर्कटिक तथा ध्रुवीय अनुसंधान के क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ ग्रह दोनों देशों की साझा प्राथमिकता है और इस वर्ष फिनलैंड के सहयोग से भारत में वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का आयोजन किया जाएगा, जिससे सस्टेनेबिलिटी के प्रयासों को नई गति और नए विचार मिलेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। दोनों देश इस बात पर सहमत हैं कि केवल सैन्य संघर्ष से किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। चाहे यूक्रेन का मुद्दा हो या पश्चिम एशिया की स्थिति, दोनों देश संघर्ष की समाप्ति और शांति स्थापित करने के सभी प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे।

# शिक्षा ही युवाओं के भविष्य को संवार सकती है और समाज को ले जा सकती है आगे: शिवराज सिंह

**एजेंसी (हि.स.)**
विदिशा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शिक्षा ही वह माध्यम है जो युवाओं के भविष्य को संवार सकती है और समाज को आगे ले जा सकती है। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान गुरुवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर विदिशा के रविंद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक ऑडिटोरियम भवन में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में अपने माता-पिता की स्मृति को सहेजते हुए शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए मामा कोचिंग का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी साधना सिंह चौहान भी उनके साथ मौजूद रहीं। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस अवसर पर प्रेम-सुंदर प्रतिभा सम्मान की भी शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि विदिशा लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके तहत टॉपर्स को क्रमशः 51 हजार, 31 हजार और 21 हजार रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी, ताकि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके।

उन्होंने कहा कि केवल विधानसभा स्तर पर ही नहीं, बल्कि पूरे विदिशा लोकसभा क्षेत्र में प्रथम तीन स्थान प्राप्त



करने वाले विद्यार्थियों को विशेष बड़े पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि क्षेत्र का कोई भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए और मेधावी छात्रों को सम्मान व प्रोत्साहन देकर उन्हें अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिले।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि युवाओं का भविष्य संवारना मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से मामा कोचिंग क्लासेस शुरू की जा रही है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि इस पहल की शुरूआत विदिशा, रायसेन और भैरूंदा से की जा रही है। यहां विद्यार्थियों को बैंकिंग, एसएससी, एमपीपीएससी, डीआरडीओ और फॉरेस्ट सर्विस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क और उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि इन कोचिंग क्लासेस में विद्यार्थियों को अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन मिलेगा और विद्यार्थियों को आधुनिक अध्ययन सामग्री और परीक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। सही दिशा और संसाधन मिलने पर ग्रामीण और छोटे शहरों के विद्यार्थी भी बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सकते हैं।

शिवराज सिंह ने कहा कि मेरा उद्देश्य यह है कि विदिशा क्षेत्र का कोई भी युवा केवल संसाधनों की कमी के कारण अपने सपनों से वंचित न रह जाए।

मामा कोचिंग क्लासेस के माध्यम से युवाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे और वो देश की विभिन्न सेवाओं में जाकर समाज और राष्ट्र की सेवा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि करियर और रोजगार के हर चरण में सही मार्गदर्शन मिलना चाहिए। अगर कोई युवा व्यवसाय या व्यापार शुरू करना चाहता है और उसे बैंक से ऋण की जरूरत है, तो उसे यह भी समझना चाहिए कि बैंक लोन की प्रक्रिया क्या है और सरकारी योजनाओं में मिलने वाली सब्सिडी का लाभ कैसे लिया जा सकता है।

# सर्वाइकल कैंसर को खत्म करने के लिए वैश्विक सहयोग जरूरी: जेपी नड्डा

**एजेंसी (हि.स.)**
नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा गुरुवार को कहा कि भारत सर्वाइकल कैंसर को सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में समाप्त करने और वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन के लिए वैश्विक सहयोग बेहद जरूरी है। गुरुवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुख्यालय में वर्चुअल प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य और गरिमा भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने दोहराया कि भारत सरकार महिलाओं को



सर्वाइकल कैंसर जैसे रोके जा सकने वाले रोगों से बचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर वैश्विक स्तर पर और भारत में भी एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। इससे निपटने के लिए भारत सरकार ने रोकथाम, स्क्रीनिंग, प्रारंभिक पहचान और समय पर उपचार पर आधारित एक बहु-आयामी रणनीति अपनाई है। नड्डा कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान 90 दिनों की अवधि में चलाया जा रहा है और इसमें सिंगल-डोज शेड्यूल अपनाया गया है। इस अभियान में गर्डसिल क्वाड्रिवलेंट वैक्सीन का उपयोग किया जा रहा है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत के तकनीकी सलाहकार समूह के सिफारिशों के अनुसार है।यह टीका देशभर के निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।इस मौके पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रेसियस ने भारत के एचपीवी टीकाकरण अभियान को दुनिया का सबसे बड़ा मुफ्त टीकाकरण अभियान बताया और इसे सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम कहा।उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए देशव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान की सराहना की, जिसका लक्ष्य 1.2 करोड़ किशोरियों को टीका लगाना है। भारत में हर साल लगभग 80,000 महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर से मृत्यु होती है और करीब 42,000 नए मामले सामने आते हैं, जिससे रोकथाम और प्रारंभिक स्क्रीनिंग की आवश्यकता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

# प्रोजेक्ट एक्सटेंशन के लिए लगाया जाएगा अलग टेंडर : नायब सिंह सैनी



**सिटी दर्पण संवाददाता**
चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि किसी प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के दौरान यदि उस परियोजना में कार्य का विस्तार किये जाने की आवश्यकता है तो उसके लिए नया टेंडर लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि इससे एनहांसमेंट जैसी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित होगा।

मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान वीरवार को प्रश्न काल के दौरान सदन में जवाब दे रहे थे। सैनी ने कहा कि वर्तमान में ऐसी स्थिति है कि कोई प्रोजेक्ट चल रहा है तो बीच में ही एक्सपेंशन कर देते हैं और बार-बार एक्सपेंशन से बहुत समस्या आती है, जिससे बजट बढ़ने और एनहांसमेंट जैसी दिक्कतें उत्पन्न होती हैं।

उन्होंने कहा कि इन सबके समाधान हेतु सरकार ने निर्णय लिया है कि किसी प्रोजेक्ट के लिए कोई टेंडर लगा है और यदि उसमें किसी प्रकार का विस्तार करना है तो उसके लिए अलग से टेंडर लगाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी विभागों के अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए जा चुके हैं।

# 300 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कम से कम एक हजार लोगों को रोजगार मिलेगा: योगी

**सिटी दर्पण संवाददाता**
लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि एक सामान्य व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य की परिभाषा सही, सस्ती एवं विश्वसनीय सेवा है।चिकित्सा सुविधा ऐसी हो, जिसमें किसी भी स्तर पर छल न हो और प्रत्येक व्यक्ति उसे वहन करने की क्षमता रखता हो। कोई भी मरीज एक विश्वास के साथ डॉक्टर के पास आता है। डॉक्टर की राय सही एवं प्रत्येक मरीज के लिए सुलभ होनी चाहिए। डॉक्टर का अच्छा व्यवहार मरीज की आधी से अधिक बीमारी को समाप्त कर देता है। बाकी काम दवा और दुआ कर देती है, जिससे मरीज शीघ्र लाभ प्राप्त करता है और डॉक्टर व हॉस्पिटल की प्रसिद्धि होती है।

मुख्यमंत्री जी आज ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर में के0डी0एस0जी0 सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के उपरान्त अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्री कपिलदेव ने सेवा के प्रकल्प को दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के माध्यम से आगे बढ़ाया है। इससे गौतमबुद्धनगर वासियों के साथ-साथ एन0सी0आर0 से जुड़े समस्त जनपदों के नागरिकों को सुपर स्पेशियलिटी की बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त होगी।

प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी रूप में स्वास्थ्य सुविधाओं पर निर्भर रहता है। सरकार ने अपने स्तर पर प्रयास किये हैं, लेकिन निजी क्षेत्र की सहभागिता से प्रत्येक व्यक्ति तक और अधिक अच्छी स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने में आसानी होती है। 300 बेड के इस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कम से कम एक हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें नर्सिंग स्टाफ, पैरा-मेडिकल स्टाफ, टेक्निशियन, वार्ड बॉय, दाई, स्वीपर



आदि सम्मिलित होंगे। अर्थात, यह हॉस्पिटल सेवा के साथ-साथ रोजगार तथा स्वावलम्बन की दिशा में किये जाने वाले प्रयासों का हिस्सा है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि किसी भी सम्प्रभु देश के प्रत्येक नागरिक का अधिकार है कि उसे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो। आजादी के बाद पहली बार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से लोगों को यूनिवर्सल हेल्थ कार्ड प्राप्त हुआ है। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत देश के 60 करोड़ से अधिक लोगों को यह सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इसमें उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य है, जहां 05 करोड़ 60 लाख से अधिक गोल्डेन कार्ड बनाये गये हैं। इसके माध्यम से कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी सरकारी या इम्पैनल्ड हॉस्पिटल में 05 लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकता है। इस सुविधा में कोई भेदभाव नहीं किया जाता। इस योजना के माध्यम से एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला है। आज सुपर स्पेशियलिटी की सुविधा के साथ-साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकारी रेट व निजी क्षेत्र के रेट व्यवहारिक हुए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि के0डी0एस0जी0 सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने एजुकेशन एण्ड हेल्थ केयर में कार्य करने वाली महाराष्ट्र की प्रतिष्ठित संस्था डी0वाई0 पाटिल ग्रुप को इसके संचालन का दायित्व दिया है। इस ग्रुप ने महाराष्ट्र में काफी अच्छा कार्य किया है। इस अनुभव का लाभ जनपद गौतमबुद्धनगर के साथ एन0सी0आर0 से जुड़े जनपदों को भी प्राप्त होगा। प्रत्येक भारतवासी की समाज के प्रति जिम्मेदारी होती है। इस दृष्टि से के0डी0एस0जी0 ग्रुप ने इस दिशा में स्पोर्ट्स के बाद हेल्थ केयर के क्षेत्र में सेवाएं देने का नया प्रयास प्रारम्भ किया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आज भारत हेल्थ के साथ ही, प्रत्येक क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाईयां छू रहा है। वर्ष 2014 तक भारत में केवल 06 एम्स कार्य कर रहे थे। प्रधानमंत्री जी द्वारा की गयी पहल के परिणामस्वरूप, वर्ल्ड क्लास हेल्थ फैसिलिटी के साथ देश में 23 एम्स बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। प्रदेश में वर्ष 2017 से पूर्व, सरकारी क्षेत्र में 17 मेडिकल कॉलेज संचालित थे। डबल इंजन सरकार के प्रयास से आज प्रदेश के सभी 75 जनपदों में वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज के लक्ष्य को लगभग प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज अलग-अलग जनपदों में संचालित हैं। प्रदेश के 04-05 जनपद ऐसे शेष हैं, जहां पर मेडिकल कॉलेज के लिए सरकार की एक पॉलिसी है। अगर के0डी0एस0जी0 ग्रुप मेडिकल कॉलेज के क्षेत्र में वहां निवेश करेगा, तो नये मेडिकल प्रोफेशनल्स तैयार करने में मदद मिलेगी।

# हिमाचल राज्यसभा चुनावः कांग्रेस उम्मीदवार अनुराग शर्मा का निर्विरोध चुना जाना तय

## भाजपा ने नामांकन के लिए चुनाव में उम्मीदवार नहीं उतारा

- संख्या बल के हिसाब से भी कांग्रेस की स्थिति मजबूत

एजेंसी (हि.स.)
शिमला




हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव इस बार एकतरफा रहेगा। कांग्रेस उम्मीदवार अनुराग शर्मा ने गुरुवार को विधानसभा सचिवालय में अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन के दौरान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कई मंत्री व विधायक मौजूद रहे। अनुराग शर्मा के मैदान में अकेले उम्मीदवार होने से उनका निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है। भाजपा ने नामांकन के आखिरी दिन इस चुनाव में उम्मीदवार नहीं उतारा है। ऐसे में अब औपचारिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनके चुने जाने की घोषणा हो सकती है। 68 सदस्यीय हिमाचल विधानसभा में कांग्रेस के पास 40 विधायक हैं, जबकि भाजपा के 28 सदस्य हैं। संख्या बल के हिसाब से भी कांग्रेस की स्थिति मजबूत है। हालांकि इस बार मुकाबला होने की नौबत ही नहीं आई। यह सीट भाजपा की राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का छह साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद खाली हुई है। खास बात यह है कि इंदु गोस्वामी भी कांगड़ा जिले से थीं और कांग्रेस उम्मीदवार अनुराग शर्मा भी कांगड़ा से आते हैं। इस तरह लगातार दूसरी बार राज्यसभा में कांगड़ा जिले का प्रतिनिधि जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 6 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 9 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। 16 मार्च को मतदान की तारीख तय है और उसी दिन परिणाम घोषित होना है। लेकिन मौजूदा स्थिति में मतदान की जरूरत नहीं पड़ेगी। करीब दो साल पहले हुए राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस को कराग झटका लगा था। तब कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी को हार का सामना करना पड़ा था और भाजपा के हर्ष महाजन जीतकर राज्यसभा पहुंचे थे। उस चुनाव में कांग्रेस के कुछ विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। इस बार स्थिति अलग है और कांग्रेस के लिए यह चुनाव सहज रहा है। अनुराग शर्मा हाल ही में कांगड़ा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे।

### कांग्रेस ने कांगड़ा के अनुराग शर्मा पर खेला दांव

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन के आखिरी दिन गुरुवार को कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार के नाम से पर्दा उठाते हुए कांगड़ा जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग शर्मा को मैदान में उतार दिया है। पार्टी का यह फैसला राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है, क्योंकि अनुराग शर्मा का नाम संभावित दावेदारों की सूची में प्रमुखता से नहीं चल रहा था। ऐसे में कांग्रेस का यह चयन संगठनात्मक और क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। बैजनाथ (जिला कांगड़ा) से संबंध रखने वाले अनुराग शर्मा आज शिमला के विधानसभा परिसर में नामांकन दाखिल करेंगे। संयोग से आज उनका जन्मदिन भी है, जिससे यह दिन उनके लिए राजनीतिक रूप से खास माना जा रहा है। कांग्रेस खेमे में इस फैसले को जमीनी कार्यकर्ता को आगे बढ़ाने और स्थानीय चेहरे पर भरोसा जताने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू संकेत दे चुके थे कि पार्टी इस बार बाहरी राज्य से उम्मीदवार नहीं उतारेगी और हिमाचल से ही चेहरा सामने लाया जाएगा। होली कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा था कि कांग्रेस पूरी सतर्कता के साथ कदम बढ़ा रही है और किसी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित करने का मौका नहीं दिया जाएगा। उनके इस बयान को पिछले राज्यसभा चुनाव के अनुभवों से जोड़कर देखा जा रहा था। दरअसल, 2024 के राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस ने अभिषेक मनु सिंघवी को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन क्रॉस वोटिंग के कारण भाजपा के हर्ष महाजन जीत गए थे। उस घटनाक्रम के बाद से कांग्रेस पर स्थानीय चेहरे को आगे करने का दबाव माना जा रहा था।

# हिमाचल में बढ़ी तपिश, शिमला-मनाली की रातें सामान्य से कहीं अधिक गर्म

एजेंसी (हि.स.)
शिमला



हिमाचल प्रदेश में इन दिनों शुष्क मौसम का दौर जारी है और लगातार खिली धूप ने पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक गर्मी का अहसास बढ़ा दिया है। गुरुवार को भी राज्य भर में आसमान साफ बना हुआ है। इससे खासकर निचले और मैदानी हिस्सों में दिन के तापमान में उछाल दर्ज किया गया और दोपहर के समय तपिश महसूस की गई। हैरानी की बात यह है कि सिर्फ दिन ही नहीं, रातें भी अब सामान्य से ज्यादा गर्म होने लगी हैं।

मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में प्रदेश के औसतन न्यूनतम तापमान में 1.7 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि कई शहरों में रात का पारा सामान्य से करीब 5 डिग्री तक अधिक रिकॉर्ड किया गया। आमतौर पर मार्च की शुरुआत में जहां सुबह-शाम हल्की ठंड बनी रहती है, वहीं इस बार तापमान में आई इस बढ़ोतरी ने मौसम का मिजाज बदला हुआ है। प्रदेश के प्रमुख हिल स्टेशनों शिमला और मनाली में भी रातें सामान्य से काफी गर्म रही हैं। शिमला का न्यूनतम तापमान सामान्य से 9 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, जबकि मनाली में यह 6 डिग्री ज्यादा रहा। आम तौर पर इन दोनों पर्यटन स्थलों पर इस समय सुबह के वक्त ठंडक महसूस होती है, लेकिन इस बार यहां का न्यूनतम तापमान कई अन्य शहरों के मुकाबले असामान्य रूप से अधिक दर्ज किया गया है। निचले क्षेत्रों जैसे ऊना, बिलासपुर और हमीरपुर में भी रात का तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है, जिससे लोगों को सुबह और देर रात में भी ठंड का अहसास कम हो रहा है। लगातार सूखे मौसम और बादलों की गैरमौजूदगी को तापमान बढ़ने की बड़ी वजह माना जा रहा है। अगर अलग-अलग शहरों के न्यूनतम तापमान पर नजर डालें तो शिमला में रात का तापमान 15.4 डिग्री, सुंदरनगर में 10.2, भुंतर में 9.1, कल्पा में 7.2, धर्मशाला में 10.3 और ऊना में 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नाहन में 13.6, केलांग में माइनस 0.3, पालमपुर में 15.0, सोलन में 13.2 और मनाली में 7.8 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। कांगड़ा में 13.6, मंडी में 10.6, बिलासपुर में 12.0, जुब्बड़हट्टी में 16.4, कुकुमसेरी में माइनस 0.9, पांवटा साहिब में 14.0, सराहन में 7.1, देहरा गोपीपुर में 16.0, ताबो में 1.8, नेरी में 17.8 और बरठीं में 9.5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। इन आंकड़ों से साफ है कि कई स्थानों पर रात का पारा सामान्य से 5 से 9 डिग्री तक ऊपर चल रहा है।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों यानी 6 मार्च को भी प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। हालांकि 7 मार्च को ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में हल्की वर्षा और बर्फबारी के आसार हैं, जिससे तापमान में हल्की गिरावट आ सकती है।

# 48 वर्ष की उम्र में अनुराग शर्मा को मिली दो अहम जिम्मेदारियां

एजेंसी (हि.स.)
धर्मशाला



हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सीट के लिए कांग्रेस ने कांगड़ा के युवा नेता अनुराग शर्मा को प्रत्याशी घोषित किया है। कई दिग्गज दावेदारों को दरकिनार करते हुए पार्टी हाईकमान ने यह फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के करीबी अनुराग शर्मा को उनकी ओर से यह दूसरा तोहफा है। कुछ समय पूर्व ही अनुराग शर्मा को पार्टी ने प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा का अध्यक्ष बनाया था। कांगड़ा जिला के बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के बीड़ से संबंध रखने वाले युवा नेता अनुराग शर्मा की संगठन में भी अच्छी पैठ रही है। वहीं इस निर्णय से कांगड़ा को मंत्रिमंडल में कोई बड़ी अहमियत नहीं मिलने के चलते भी मुख्यमंत्री ने जिला के नेताओं व कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने का प्रयास किया है। सबसे अहम यह है कि इससे पूर्व भाजपा ने भी बैजनाथ से ही अपनी प्रत्याशी इंदु गोस्वामी को राज्यसभा के लिए भेजा है। उसी तर्ज पर कांग्रेस ने भी बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र से ही अपना प्रत्याशी दिया है।

गौर हो कि हिमाचल से राज्यसभा जाने के लिए कई दिग्गज टिकट के लिए जोर लगा रहे थे लेकिन मुख्यमंत्री की पहली पसंद रहे अनुराग शर्मा को पार्टी हाईकमान ने प्रत्याशी बनाकर सबको चौंका दिया है।

## कोषागारों को रॉयल्टी क्लीयरेंस सर्टिफिकेट के बिना भुगतान न करने का आदेश

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर के भूविज्ञान एवं खनन निदेशालय ने केंद्र शासित प्रदेश के सभी कोषागारों को निर्देश दिया है कि विकास कार्यों में शामिल ठेकेदारों या कार्यकारी एजेंसियों को वैध रॉयल्टी क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (आरसीसी) प्रस्तुत किए बिना भुगतान न किया जाए। जम्मू और कश्मीर राज्य परिषद के भूविज्ञान एवं खनन निदेशक एस.पी. रुकवाल द्वारा जारी एक अधिकारिक सूचना के अनुसार यह निर्देश वित्त विभाग के लेखा एवं कोषागार निदेशक को भेजा दिया गया है। यह आदेश 27 फरवरी, 2026 को आयोजित समीक्षा बैठक में जारी निर्देशों के बाद आया है। पत्र में कहा गया है कि एनएचएआई, पीएमजीएसवाई, पीडब्ल्यूडी (आर एंड बी), आई एंड एफसी, बीआरओ/जीआरईएफ, जल शक्ति विभाग, एनएचआईडीसीएल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और केआरसीएल सहित कई विभागों और एजेंसियों को पहले ही निर्देश दिया जा चुका है। कि वे लघु खनिजों के उपभोग से संबंधित कार्यों के लिए किसी भी फर्म या ठेकेदार को तब तक भुगतान जारी न करें जब तक कि भूविज्ञान एवं खनन विभाग से आरसीसी प्राप्त न हो जाए निदेशालय ने अब वित्त विभाग से अनुरोध किया है कि वह जम्मू और कश्मीर के सभी कोषागारों को आवश्यक निर्देश जारी करे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के लिए होंगी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं : एडीसी

एजेंसी (हि.स.)
धर्मशाला




8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर धर्मशाला में आयोजित किए जाने वाले 'अस्मिता' कार्यक्रम के आयोजन को लेकर वीरवार को एडीसी विनय कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेरा युवा भारत के उप निदेशक ध्रुव डोगरा, सीडीपीओ रमेश कुमार, डॉक्टर दुष्यंत कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों, खेल विभाग के प्रतिनिधियों तथा आयोजन से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया।

अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और युवतियों की खेलों में भागीदारी को बढ़ावा देना, शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाना तथा खेल संस्कृति को मजबूत करना है। एडीसी विनय कुमार ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले इन खेल आयोजनों को व्यापक रूप से सफल बनाया जाए ताकि अधिक से अधिक महिलाएं और युवतियां इसमें भाग ले सकें।

उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से महिलाओं को खेलों से जोड़ने और स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ के मुकाबले आयोजित होंगे। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों के लिए विभिन्न फन एक्टिविटीज भी रखी जाएंगी। प्रतियोगिताएं तीन आयु वर्गों में आयोजित की जाएंगी, जिनमें अंडर-13 वर्ष, 13 से 18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग शामिल हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### खामेनेई की हत्या के पांचवें दिन भी कश्मीर में आवागमन और सभाओं पर प्रतिबंध लागू

**श्रीनगर।** कश्मीर में लगातार पांचवें दिन भी एहतियाती उपाय के तौर पर लोगों की आवाजाही पर आंशिक प्रतिबंध लागू रहे।सरकार ने शनिवार तक शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिए हैं और मोबाइल इंटरनेट की गति कम कर दी है।ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमलों में हुई हत्या के बाद कश्मीर भर में विरोध प्रदर्शन होने पर सोमवार को प्रतिबंध लगाए गए थे। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को नागरिक समाज के प्रतिनिधियों और धार्मिक नेताओं के साथ बैठक की, ताकि स्थिति को सामान्य किया जा सके। बैठक के बाद अब्दुल्ला ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि वे अपना दुख और आक्रोश मस्जिदों, दरगाहों और इमामबाड़ों में व्यक्त करें। सरकार ने शनिवार तक शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया है और मोबाइल इंटरनेट की गति कम कर दी है।अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को कश्मीर के कई हिस्सों में लोगों की आवाजाही और सभा पर प्रतिबंध जारी रहा। प्रदर्शनकारियों के जमावड़े को रोकने के लिए शहर भर में बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक सीआरपीएफ कर्मियों को तैनात किया गया। उन्होंने आगे कहा कि शहर में प्रवेश करने वाले महत्वपूर्ण चौराहों पर कंटीले तार और बैरिकेड लगाए गए हैं। शहर के केंद्र में स्थित लाल चौक के चारों ओर बैरिकेड लगाकर क्षेत्र को सील करने के बाद यह अभी भी प्रतिबंधित क्षेत्र बना हुआ है। घंटाघर को सील करने का यह कदम रविवार को खामेनेई की अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में हुई हत्या के बाद हुए व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद उठाया गया था।

### सड़क किनारे मृत मिला नेपाली युवक, अधिक शराब से मौत की आशंका

**शिमला।** शिमला जिला के जुब्बल क्षेत्र में होली के दिन एक व्यक्ति सड़क किनारे बेसुध हालत में मिला और बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बुधवार को कुलदीप नाम के एक व्यक्ति ने थाना जुब्बल में सूचना दी कि गांव दोची में मुख्य सड़क के साथ एक आदमी अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हुई। सरस्वती नगर पुलिस पोस्ट के प्रभारी को भी मौके पर तस्दीक के लिए भेजा गया। पुलिस ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी करवाई और वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की। जांच के दौरान मृतक की पहचान चंद्र बहादुर के रूप में हुई। वह नेपाल का रहने वाला था और वर्तमान में जुब्बल के गांव मिहाना में रह रहा था। वह स्थानीय निवासी दीपेंद्र के पास काम करता था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चंद्र बहादुर ने एक दिन पहले होली के मौके पर शराब का सेवन किया था। दिन के समय भी वह नशे में थे और रात में भी ठेके से शराब की बोतल खरीदी थी। पुलिस ने बताया कि मौके पर और बाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुब्बल में डॉक्टरों द्वारा किए गए निरीक्षण में मृतक के शरीर पर किसी तरह की बाहरी चोट नहीं पाई गई। डॉक्टरों की शुरूआती राय के अनुसार मौत अत्यधिक शराब पीने या गिरने की वजह से हो सकती है, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगी। पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क किया है। परिवार के सदस्य इस समय चंडीगढ़ में रहते हैं और उन्होंने उनके पहुंचने के बाद ही पोस्टमार्टम करवाने की बात कही है। पुलिस के अनुसार शव का पोस्टमार्टम गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुब्बल में कराया जाएगा। मौके पर मौजूद गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। इस मामले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नईम अख्तर ने डीएच में ईपीओ की कमी की कड़ी आलोचना की और कार्रवाई की मांग की

**बांदीपोरा ।** पूर्व मंत्री और वरिष्ठ पीडीपी नेता नईम अख्तर ने गुरुवार को बांदीपोरा जिला अस्पताल में जीवन रक्षक एरिथ्रोपोइटिन (ईपीओ) इंजेक्शन की कथित कमी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति डायलिसिस रोगियों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने के समान है। एक बयान में अख्तर ने कहा कि यह चौंकाने वाली बात है कि क्रोनिक किडनी रोग (सीकेडी) से पीड़ित और अस्पताल में डायलिसिस करा रहे मरीजों को सरकारी अस्पताल में इंजेक्शन उपलब्ध न होने के कारण बाजार से महंगे इंजेक्शन खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि इतनी आवश्यक दवा लगभग एक महीने से अनुपलब्ध है जबकि मरीज लगातार पीड़ित हैं। डायलिसिस रोगियों को पहले से ही भारी शारीरिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और उन्हें बाजार से महंगे इंजेक्शन खरीदने के लिए मजबूर करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।₹ अख्तर ने कहा कि यह घटनाक्रम जिले में स्वास्थ्य प्रशासन के कामकाज पर गंभीर सवाल खड़े करता है, खासकर तब जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) वहां तैनात हैं लेकिन अपनी नाक के नीचे हो रही घटनाओं से अनभिज्ञ प्रतीत होते हैं। उन्होंने कहा, ₹यह स्पष्ट प्रशासनिक लापरवाही को दशार्ता है।₹ उचित निगरानी का अभाव। अगर हफ्तों तक आवश्यक दवाएं न मिलें, तो यह व्यवस्था में गंभीर खामियों की ओर इशारा करता है जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता उन्होंने आगे कहा। पूर्व मंत्री ने स्वास्थ्य मंत्री से इस मामले का तुरंत संज्ञान लेने और कमी की गहन जांच का आदेश देने का आग्रह किया। स्वास्थ्य मंत्री को बिना देरी किए हस्तक्षेप करना चाहिए और जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए। डायलिसिस रोगियों के जीवन के साथ खिलवाड़ करना अस्वीकार्य है और ऐसी लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए अख्तर ने कहा। उन्होंने सभी सरकारी अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी आान किया ताकि मरीजों, विशेष रूप से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को प्रशासनिक खामियों के कारण परेशानी न हो।

# शिमला में माकपा का प्रदर्शन, ईरान पर अमेरिकी-इजराइली हमले की निंदा

एजेंसी (हि.स.)
शिमला




राजधानी शिमला में गुरूवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के कार्यकताओं ने ईरान पर कथित अमेरिकी-इजराइली हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पार्टी की केंद्रीय कमेटी के आान पर आयोजित किया गया। पार्टी नेताओं ने इसे ईरान की संप्रभुता पर हमला बताते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करार दिया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीपीआई(एम) राज्य सचिवालय सदस्य राकेश सिंहा, जिला कमेटी सदस्य अमित और विवेक कश्यप ने कहा कि अमेरिका और इजराइल की ओर से किया गया यह हमला साम्राज्यवादी नीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि किसी भी संप्रभु देश पर इस तरह की कार्रवाई वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा है। वक्ताओं ने कहा कि पश्चिम एशिया को लगातार युद्ध और अस्थिरता की ओर धकेला जा रहा है और इसका सबसे ज्यादा असर आम जनता और मेहनतकश वर्ग पर पड़ता है। वक्ताओं ने कहा कि ईरान के खिलाफ हमला सिर्फ एक देश पर आक्रमण नहीं है, पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए खतरा है। उनका कहना था कि यदि क्षेत्र में तनाव बढ़ता है तो इसका असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर हैं, उस पर भी इसका सीधा प्रभाव पड़ सकता है। सीपीआई(एम) नेताओं ने भारत सरकार से मांग की कि वह इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख अपनाए और अमेरिकी-इजराइली कार्रवाई की खुलकर निंदा करे। साथ ही उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों में काम कर रहे करीब 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

## किसी भी देश पर आक्रमण करना गलतः फारूक अब्दुल्ला

**कटरा।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि किसी भी देश को दूसरे राष्ट्र पर अपना नियंत्रण थोपने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष पर केंद्र सरकार की स्थिति स्पष्ट करना उसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि ईरान एक स्वतंत्र देश है। किसी भी देश पर आक्रमण करना गलत है। किसी भी देश को दूसरे राष्ट्र पर अपना नियंत्रण थोपने का अधिकार नहीं है। उन्होंने वेनेजुएला के साथ भी ऐसा ही किया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने व्यापक परिणामों की चेतावनी देते हुए कहा कि इस युद्ध का प्रभाव आने वाले दिनों में पूरी दुनिया में महसूस किया जा सकता है और उन्होंने आशंका जताई कि स्थिति एक बड़े वैश्विक संघर्ष में तब्दील हो सकती है, संभवतः तीसरे विश्व युद्ध में भी। उन्होंने कहा कि यह किसी बड़ी घटना को जन्म दे सकता है और अंत में यह तीसरे विश्व युद्ध की शुरूआत कर सकता है। उन्होंने कहा और साथ ही यह भी जोड़ा कि स्थिति को जिम्मेदारी से संभाला जाना चाहिए। घटनाक्रम को लेकर जनता की भावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मुसलमानों में आक्रोश है लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण होने चाहिए। कश्मीर घाटी में अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनी की हत्या के विरोध में प्रदर्शन हुए हैं।

# जम्मू-कश्मीर सरकार ने अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का दिया आदेश

एजेंसी (हि.स.)
श्रीनगर



जम्मू-कश्मीर सरकार ने पूरे केंद्र शासित प्रदेश में खनिजों के अवैध निष्कर्षण और परिवहन के खिलाफ सख्त प्रवर्तन उपायों का निर्देश दिया है।

निदेशक भूविज्ञान और खनन एस.पी. रुकवाल द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार सभी जिला खनिज अधिकारियों और नामित समितियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि पर्यावरणीय मंजूरी शर्तों या वैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए छोटे खनिजों के निष्कर्षण के लिए हाइड्रोलिक उत्खनन (पोकलेन) सहित कोई भी भारी मिट्टी हटाने वाली मशीनरी तैनात नहीं की जाती है। परिपत्र में आगे कहा गया है कि खनिजों के अवैध निष्कर्षण या परिवहन में शामिल पाए जाने वाली किसी भी भारी मशीनरी, वाहन या उपकरण को तुरंत जब्त कर लिया जाएगा और खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 और अन्य लागू नियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई शुरू की जाएगी। अधिकारियों को अपने संबंधित संयुक्त निदेशकों को दैनिक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया है जो रिपोर्ट को समेकित करेंगे और सक्षम अधिकारियों को प्रस्तुत करने के लिए निदेशालय को भेज देंगे। आदेश में कहा गया है कि प्रवर्तन या रिपोर्टिंग में कोई भी चूक सख्त प्रशासनिक कार्रवाई को आमंत्रित करेगी। 27 फरवरी, 2026 को आयोजित एक समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों के बाद जारी किया गया परिपत्र तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है और इसका अक्षरश पालन किया जाना चाहिए।

# श्रमिकों की पंजीकरण प्रक्रिया को प्रभावी तरीके से करें क्रियान्वित : कंवर



एजेंसी (हि.स.)
धर्मशाला

कामागार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि श्रमिकों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को सरल तथा प्रभावी तरीके से किर्यान्वित किया जाए ताकि पात्र श्रमिकों को कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके। वीरवार को धर्मशाला में इस बैठक में कांगड़ा जिला के नूरपुर, पालमपुर, देहरा तथा धर्मशाला उप-कार्यालयों के समस्त अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए ई-केवाईसी की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर 15 मार्च से पहले पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी पूर्ण होने से बोर्ड के अभिलेख अपडेट रहेंगे और योजनाओं का लाभ पात्र श्रमिकों को पारदर्शी एवं सुगम तरीके से प्रदान किया जा सकेगा। नरदेव कंवर ने कहा कि श्रमिकों एवं कामगारों के कल्याण के लिए बोर्ड के माध्यम से 14 के करीब विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है उन्होंने कामगार कल्याण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन योजनाओं का प्रचार प्रसार गांव स्तर पर किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा पात्र व्यक्तियों को कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि कामगार कल्याण बोर्ड मजदूरों तथा श्रमिकों की आर्थिक उत्थान के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रहा है।

## चिंता | मुख्यमंत्री ने कहा, पोत और इसका चालक दल भारत के अतिथि थे

# उमर अब्दुल्ला ने ईरानी युद्धपोत पर हमले पर चिंता व्यक्त की

एजेंसी (हि.स.)
जम्मू




जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को एक ईरानी युद्धपोत के डूबने की खबर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पोत और इसका चालक दल एक बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के लिए भारत के अतिथि थे। यह घटना पश्चिम एशिया में बुधवार को श्रीलंका के तट से दूर अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी युद्धपोत को टॉरपीडो से डुबोए जाने के बाद उत्पन्न तनाव के बाद सामने आई है।

यह पोत भारत द्वारा आयोजित मिलान नौसैनिक अभ्यास से लौट रहा था।जम्मू में पत्रकारों से बात करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि इस घटना से केंद्र शासित प्रदेश में चिंता का माहौल है क्योंकि कई निवासी जिनमें छात्र भी शामिल हैं, इस समय ईरान में हैं और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ईरानी युद्धपोत पर हमला हुआ, वे हमारे अतिथि थे और एक नौसैनिक अभ्यास के लिए यहां आए थे। लौटते समय उन पर हमला हुआ। किसी न किसी तरह से हमारा देश भी इस स्थिति में घसीटा जा रहा है। भविष्य में क्या होगा, यह मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ईरान में जम्मू और कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र के साथ समन्वय कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार उन्हें सुरक्षित वापस लाने के लिए एक कार्यक्रम तैयार करने पर काम कर रही है। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश में बदलती स्थिति के मद्देनजर शांति बनाए रखने की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने श्रीनगर में नागरिक समाज के सदस्यों और धार्मिक नेताओं से मुलाकात कर शांति बनाए रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, जम्मू और कश्मीर में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले तत्वों को स्थिति का फायदा उठाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए अब्दुल्ला ने इसे बिहार सरकार और उसके सहयोगियों का आंतरिक मामला बताया। उन्होंने नीतीश कुमार के पूर्व में इंडिया ब्लॉक से जुड़ाव का जिक्र किया और नामांकन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।पिछले साल के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने के बाद हुए नेपाल के आम चुनावों पर टिप्पणी करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कहा, जैसा कि मैंने अखबारों में पढ़ा है, वहां एक नया नेता उभर कर आया है।देखते हैं नेपाल की जनता क्या फैसला लेती है। मुख्यमंत्री ने कृषि में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने पर सरकार के फोकस पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मिशन युवा जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के तहत सरकार स्टार्टअप संस्कृति विकसित करने के लिए काम कर रही है और इन पहलों के लिए शैक्षणिक संस्थानों में पर्याप्त धनराशि आनी शुरू हो गई है।

दैनिक सिटी दर्पण आईना सच का
न्वोन्मेषकः स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापकः सतपॉल शर्मा
स्वामी, प्रकाशक मुद्रक एवं संपादक भूपिंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एवं 801/1, सेक्टर 40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित-160036
सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।
स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्कः 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

# आयुष विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा स्कूल हेल्थ कैंप एवं विश्व मोटापा दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित: डॉ. मंजू शर्मा

सिटी दर्पण संवाददाता
कुरुक्षेत्र

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि आयुष विभाग द्वारा गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल गांव मेहरा तथा गवर्नमेंट माध्यमिक स्कूल गांव रावगढ़ में निशुल्क आयुर्वेदिक स्कूल हेल्थ कैंप आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त विश्व मोटापा दिवस के अवसर पर आयुष आरोग्य मंदिर लोहार माजरा में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया।



जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पहला शिविर गांव मेहरा में आयुष आरोग्य मंदिर खडकाली के माध्यम से आयोजित किया गया। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. सपना ने उपस्थित बच्चों एवं ग्रामीणों को दिनचर्या, ऋतुचर्या, संतुलित आहार तथा औषधीय पौधों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि औषधीय पौधे सामान्य रोगों की रोकथाम के साथ-साथ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होते हैं।

उन्होंने विशेष रूप से गिलोय, आंवला और हल्दी के गुणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गिलोय को आयुर्वेद में अमृता कहा जाता है, जो बुखार, सर्दी-जुकाम तथा इम्युनिटी बढ़ाने में लाभकारी है।हल्दी सूजन व दर्द कम करने तथा घाव भरने में सहायक होती है, जबकि आंवला विटामिन-सी का समृद्ध स्रोत है जो पाचन सुधारने, त्वचा व बालों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक है।इस शिविर में 33 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई।योग सहायक प्रदीप कुमार द्वारा बच्चों को योगाभ्यास व प्राणायाम करवाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में दूसरा शिविर आयुष आरोग्य मंदिर ज्योतिसर के माध्यम से गवर्नमेंट माध्यमिक स्कूल गांव रावगढ़ में आयोजित किया गया। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. राजीव बीरवाल ने बच्चों को दिनचर्या व ऋतुचर्या की जानकारी देते हुए आसपास पाए जाने वाले औषधीय पौधों जैसे गिलोय, आंवला, तुलसी, एलोवेरा और अश्वगंधा के महत्व के बारे में बताया।

उन्होंने रसोई में उपयोग होने वाले औषधीय मसालों की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जीरा पेट संबंधी रोगों में लाभकारी है, हल्दी त्वचा रोगों में तथा अदरक जोड़ों के दर्द में उपयोगी है।इस शिविर में 45 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट रितु द्वारा निःशुल्क औषधियां वितरित की गईं।योग सहायक राजीव कुमार द्वारा बच्चों को ताड़ासन, वज्रासन आदि योगासन तथा अनुलोम-विलोम और भस्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया और उनके लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि विश्व मोटापा दिवस के अवसर पर तीसरा शिविर आयुष आरोग्य मंदिर लोहार माजरा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. जागीर सिंह ने आमजन को आयुष पद्धति, दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं संतुलित आहार के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पंचकोल (जिसमें सोंठ, काली मिर्च, पिप्पली आदि घटक होते हैं) शरीर की चयापचय क्रिया को बढ़ाकर बढ़े हुए मेद को कम करने में सहायक होता है। योग सहायक सोनिका द्वारा ग्रामीणों को त्रिकोणासन, कटिचक्रासन तथा सूर्य नमस्कार जैसे सरल योगासनों का अभ्यास करवाया गया और बताया गया कि नियमित योगाभ्यास से मोटापे के साथ-साथ उससे जुड़ी अन्य बीमारियों से भी बचाव संभव है। इस अवसर पर फार्मासिस्ट रण सिंह एवं अन्य आयुष स्टाफ भी उपस्थित रहे।

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने नागरिकों से अपील की कि वे आयुष विभाग द्वारा आयोजित इन निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं, ताकि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति की सुविधाएं आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंच सकें।

# गीता विद्यालय के पूर्व छात्रों द्वारा दीनानाथ बत्रा जयंती पर खोला गया 5 करोड़ का कॉरपस अकाउंट

सिटी दर्पण संवाददाता
कुरुक्षेत्र

भारतीय शिक्षा के पुरोधा, शिक्षा बचाओ आंदोलन के संयोजक श्रद्धेय दीनानाथ बत्रा जन्म जयंती समारोह बहुत ही धूमधाम के साथ श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में पूर्व छात्रों, विद्यालय परिवार तथा विद्याभारती हरियाणा द्वारा बहुत ही धूमधाम से मनाया गया । सर्वप्रथम ॐ,माँ सरस्वती तथा भारत माता की चित्रवेदी पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन तथा पुष्पार्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ ।इस पुनीत कार्य को मुख्यातिथि डा. अतुल कोठारी राष्ट्रीय सचिव शिक्षा संस्थान उत्थान न्यास नई दिल्ली, विद्याभारती के अखिल भारतीय महामन्त्री देशराज शर्मा, विद्याभारती उत्तर क्षेत्र के मा संगठन मन्त्री विजय नड्डा, सह संगठन मन्त्री बालकृष्ण, हिन्दू शिक्षा समिति हरियाणा के मा० अध्यक्ष डाँ. ऋषि राज वशिष्ठ, पूर्वछात्र परिषद के राष्ट्रीय सह संयोजक राहुल सिंघल तथा श्रद्धेय दीनानाथ बत्रा के सुपुत्र डाँ राकेश बत्रा ने - पूर्ण किया ।

विद्या भारती पुरुषार्थ परिषद के राष्ट्रीय सहसंयोजक राहुल सिंघल ने बताया कि दीनानाथ बत्रा विद्या भारती के लक्ष्य निर्धारण के समय बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।हिंदुत्व निष्ठ की जो चर्चा होती है उसमें जब सभी छात्रों के बारे में पता चलता है तो संज्ञान में आता है कि भारतीय थल सेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी ', मेजर जनरल रणजीव सैनी, गलवान घाटी युद्ध के वीर शहीद कर्नल सन्दीप, कई प्रान्तों के पुलिसचीफ, चन्द्रयान में नौ पूर्व छात्र, एक हजार सें अधिक आई ए एस पुलिस अधिकारी, अनेकों न्यायधीश, अधिशासी अभियन्ता, चिकित्सक, वैज्ञानिक समाजसेवी, सनातन के रक्षक सन्त, राज नेता,उद्योगपति, व्यवसायी सफलता के साथ भारत की जय का लक्ष्य लेकर देशसेवा में लगे है।इन सवकी रजिस्टर्ड संख्या 10 लाख 60, हजार से ऊपर हो गई है ।यह भी आज श्रद्धेय दीनानाथ बत्रा का वास्तविक परिवार है।. श्रद्धेय दीनानाथ बत्रा हमेशा भारतीय शिक्षा के पक्षधर रहे है।इसके लिए वे सतत सघर्ष करते रहे।

सात बार जेल में रहे बड़ा कष्ट सहा परंतु अपने लक्ष्य को पूर्ण किया।इस अवसर पर सात भागों में पूर्व छात्रों की बैठक आयोजित की गई जिसमें सबने दीनानाथ बत्रा के संस्मरण तथा यादों को एक दूसरे के समक्ष रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर सभी पूर्व गुरुजन को उनके प्रिय छात्रों द्वारा सम्मानित किया गया। उनके जीवन पर आधारित 1 घण्टे की डाक्यूमेंट्री फिल्म भी दर्शाई गई। विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के मान० संगठन मन्त्री विजय नड्डाने बताया कि इस5करोड़ के सेविंग एकाउंट से जो धन अर्जित होगा उससे गरीब वआर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी जिससे छात्र की पढ़ाई बीच में न रूके उसकी पूर्ण व्यवस्था को विस्तार से समझाया । कार्यक्रम के अन्त मे मुख्या अतिथिअतुल कोठारी ने अपने संबोधन में बताया कि दीनानाथ बत्रा के जीवन आदर्शों को अपने जीवन में अपना कर उनसे शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन में अपनाए । यहीं हमारी उन्हें आज की सच्ची श्रद्धाञ्जलि समर्पित होगी।कार्यक्रम में मंच संचालन प्रोफेसर तेजेन्द्र शर्मा व डाँ सन्दीप छाबड़ा ने उनका सहयोग किया। कार्यक्रम के संयोजक अखिलेश ने आए हुए अधिकारियों व पूर्व छात्र और आचार्य का धन्यवाद किया।। 1985 बैच के पूर्व छात्रों ने घोषणा की कि अगले वर्ष हम उनकी जयंती मनाएंगे ।

# धान की खेती के लिए डायरेक्ट सीडेड राइस प्रक्रिया अपनाने वाले किसानों को सरकार देगी 4 हजार रुपए प्रति एकड़ की मदद

सिटी दर्पण संवाददाता
चंडीगढ़

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि राज्य में प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ 2024 के दौरान धान की खेती के लिए डायरेक्ट सीडेड राइस (डी. एस. आर.) पद्धति अपनाने वाले किसानों को 4,000 प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की योजना लागू की गई है।राज्य में इस योजना के अंतर्गत 27,378 किसानों को लाभ के लिए पात्र पाया गया है, इन किसानों का कुल 1,56,891 एकड़ क्षेत्र शामिल है। इनमें से 18,007 किसानों को 1,09,245 एकड़ क्षेत्र के लिए 4,000 रुपए प्रति एकड़ की दर से 40.36 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जा चुका है।

श्री राणा आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

कृषि मंत्री ने बताया कि 47,646 एकड़ क्षेत्र से संबंधित 9,371 किसानों को अभी तक लाभ का भुगतान 19.06 करोड़ रुपए नहीं किया गया है।इसका कारण क्लाउड सर्वर पर साइबर हमले के कारण रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संरक्षित डेटा क्लस्टर को अलग किया जाना रहा। विभाग डेटा को पुनः बहाल करने हेतु रेलटेल के साथ समन्वय कर रहा है।डेटा बहाल होते ही शेष क्षेत्र की भुगतान राशि आगामी एक माह में जारी कर दी जाएगी।


कृषि मंत्री ने पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों की जो बकाया राशि किन्ही कारणों से रुकी हुई है , उसका भी जल्द से जल्द समाधान किया जा रहा है।

# पारंपरिक तालाबों की सफाई सुनिश्चित कर रही है सरकार: कृष्ण लाल पंवार

सिटी दर्पण संवाददाता
चंडीगढ़

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के पारंपरिक तालाबों की सफाई, मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के माध्यम से जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ जल उपलब्धता भी सुनिश्चित हो सके।

श्री पंवार आज हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित कर ग्रामीण क्षेत्रों के सतत विकास को मजबूती प्रदान करना है। इसी कड़ी में झज्जर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में तालाबों की सफाई, मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।



उन्होंने बताया कि गांव भूरावास के ऐतिहासिक एवं प्राचीन पवित्र तालाब, गांव तलाव में बगला चौपाल के पास स्थित गुई जोहड़, गांव छुछकवास में मुख्य सड़क पर स्थित खरिया तालाब, गांव खेड़ी खुमार में रामेश्वर तालाब तथा गांव मुडाहेरा में बाबा खूबी दास आश्रम के समीप स्थित हरजीवाला तालाब की सफाई, मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए सर्वे तथा ड्राइंग तैयार करने का कार्य पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में इन परियोजनाओं के प्रारंभिक अनुमान तैयार किए जा रहे हैं।

विकास एवं पंचायत मंत्री ने बताया कि गांव जोन्धी में शिव मंदिर के समीप स्थित तालाब के जीर्णोद्धार के लिए 212.31 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति 7 दिसंबर, 2022 को जारी की जा चुकी है और इसकी निविदा प्रक्रिया फिलहाल जारी है।

उन्होंने सदन को अवगत कराया कि कुछ गांवों में भूजल स्तर 1.70 मीटर या उससे अधिक होने के कारण कार्य में तकनीकी कठिनाइयां आ रही थीं। इस संबंध में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के हाइड्रोलॉजिस्ट से रिपोर्ट मांगी गई थी, जो हाल ही में प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि इस विषय पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से भी चर्चा की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा विकास एवं पंचायत विभाग मिलकर इसका समाधान निकालें, ताकि ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले इन तालाबों का शीघ्र जीर्णोद्धार किया जा सके।

श्री पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण तालाबों के संरक्षण को प्राथमिकता दे रही है। इसी उद्देश्य से पॉन्ड अथॉरिटी का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार अब यह अथॉरिटी विकास एवं पंचायत विभाग के अधीन कार्य करेगी, जिसके माध्यम से ग्रामीण तालाबों की सफाई, गऊघाट निर्माण और सौंदर्यीकरण सहित अन्य विकास कार्य किए जा रहे हैं।

# अंबाला में 2000 एकड़ में स्थापित होगा आईएमटी, स्थानीय युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर : राव नरबीर सिंह

सिटी दर्पण संवाददाता
चंडीगढ़

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि जहां भी औद्योगिक शहर विकसित होते हैं, वहां स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर स्वतः सृजित होते हैं। राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के साथ-साथ युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।



उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा अंबाला में 10 नए आईएमटी (इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप) स्थापित करने की घोषणा के अनुरूप अंबाला में एनएच-122 के साथ लगते गांवों में लगभग 2000 एकड़ क्षेत्र में आईएमटी स्थापित किया जा रहा है। इसके लिए किसानों ने ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से अपनी सहमति दी है और भूमि के लिए 1.55 करोड़ रुपये प्रति एकड़ की दर निर्धारित की गई है।

श्री राव नरबीर सिंह आज हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान विधायक श्री निर्मल सिंह द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।

उन्होंने आगे जानकारी देते हुए कहा कि अंबाला में केवल एक ही नहीं, बल्कि दो आईएमटी स्थापित किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, नारायणगढ़ में भी एक नया आईएमटी स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है।

उद्योग मंत्री ने कहा कि इन औद्योगिक परियोजनाओं के स्थापित होने से क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा, औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी और स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

# शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में अवैध निर्माण कार्य गिराने के लिए प्रशासन ने जारी किया शेड्यूल

सिटी दर्पण संवाददाता
कुरुक्षेत्र

उपायुक्त एवं जिला मैजिस्ट्रेट विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में जिला शहरी योजनाकार विभाग की तरफ से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण व अवैध रूप से काटी जा रही कालोनियों को तोड़ने के लिए शेड्यूल तैयार किया है। इस शेड्यूल के अनुसार प्रशासन की तरफ से डयूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए है।



जिला मैजिस्ट्रेट विश्राम कुमार मीणा ने जारी आदेशों में कहा कि जिला शहरी योजनाकार विभाग की तरफ से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अवैध रूप से काटी जा रही कालोनियों व अवैध निर्माण कार्यों को गिराया जाना है। इसके लिए एक शेड्यूल जारी किया गया है। इस कार्यवाही के दौरान कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए क्षेत्र अनुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है ।इस शेड्यूल के अनुसार 6 मार्च को कुरुक्षेत्र में कार्रवाई के लिए एसडीओ सिविल एचएसवीपी सुखविन्द्र, 10 मार्च को शाहबाद के लिए बागवानी विभाग शाहबाद के अधिकारी अंकुश काम्बोज को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

उन्होंने कहा कि 11 मार्च को पिहोवा के लिए एसएसई के एईई अनुज कौशिक, 12 मार्च को कुरुक्षेत्र के लिए सिंचाई विभाग ज्योतिसर से सतीश कुमार, 17 मार्च को कुरुक्षेत्र के लिए एचएसवीपी के एसडीई सुखविन्द्र, 18 मार्च को कुरुक्षेत्र के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारी सतीश कुमार, 19 मार्च को लाडवा के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मनोज कुमार, 7 अप्रैल को कुरुक्षेत्र में निर्माण कार्य गिराने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सिंचाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतीश कुमार, 8 अप्रैल को कुरुक्षेत्र के लिए एसडीओ विनोद कुमार, 16 अप्रैल कोशाहबाद के लिए बागवानी विभाग के अधिकारी अंकुश काम्बोज, 21 अप्रैल कोइस्माईलाबाद के लिए पंचायती राज के एसडीओ रणधीर सिंह, 22 अप्रैल कोकुरुक्षेत्र के लिए एचएसवीपी के एसडीओ सुखविन्द्र तथा 23 अप्रैल 2026 कोपिहोवा अवैध निर्माण कार्य गिराने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुज कौशिक एईई को डयूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

## संक्षिप्त-समाचार

### प्रेरणा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों संग प्रेरणा संस्था सदस्यों ने फूलों एवं गुलाल के साथ जमकर खेली होली



**कुरुक्षेत्र।** हर वर्ष की भांति प्रेरणा संस्था के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने प्रेरणा वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के साथ होली का त्यौहार हर्षोल्लास एवं मस्ती से मनाया। वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने भी फूलों से होली खेलते हुए एवं गुलाल उड़ाते हुए परिवार के सदस्यों की भांति त्यौहार का आनंद लिया। इस मौके पर वृद्धाश्रम के बुजुर्ग भी युवा नजर आए। ऐसे में होली के गानों पर मस्त डांस करके इस अवसर को यादगार बना दिया गया। प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रेरणा वृद्धाश्रम में होली के अवसर पर सभी की मस्ती देखने लायक थी। यह अवसर पर जब बुजुर्गों ने प्रेरणा सदस्यों के माथे पर गुलाल से तिलक किया तो सभी चेहरों पर अलग किस्म की रौनक आ गई। सभी को ऐसे लगा जैसे उनके माता-पिता साक्षात उनके सामने खड़े हो कर उन्हें होली की शुभकामनाएं दे रहे हों। दूसरी ओर बुजुर्ग भी अपने समय को याद करके मुस्कुरा उठे और सभी ने एक ही आवाज में कहा कि अब हमारा घर परिवार यह प्रेरणा वृद्धाश्रम है और उनके सदस्य ही उनका परिवार हैं। इस अवसर पर आशा सिंगला, शिल्पा सिंगला, किरण गर्ग, नरेश गर्ग, सुरेखा, हरकेश पपोसा, कमली पपोसा, तन्वी, सीता देवी, बलविंदर कौर, ऊषा सच्चर, बलदेव श्रीवास्तव, चंद्रकांत ठक्कर, मंगतराम, जोगिंदर सिंह इत्यादि सहित बहुत नगर के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

### खेल विश्वविद्यालय राई के आधारभूत ढांचे के निर्माण पर खर्च होंगे 491.20 करोड़ रुपये

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम ने कहा कि सोनीपत जिले के राई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित खेल विश्वविद्यालय राई में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और विकसित करने का प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है। प्रदेश सरकार द्वारा खेल विश्वविद्यालय हरियाणा, राई में आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए 491.20 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें से 371.20 करोड़ रुपये भवनों के निर्माण के लिए तथा 120 करोड़ रुपये खेल अवसंरचना के लिए है। विश्वविद्यालय का मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है तथा कार्यान्वयन एजेंसी को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया वर्तमान में प्रगति पर है। खेल राज्य मंत्री आज हरियाणा विधान सभा के बजट सत्र के दौरान सदन की एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे।

### नारनौद में कई कच्चे रास्तों को पक्का किया जाएगा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि नारनौंद विधानसभा क्षेत्र के गांव बास से भकलाना, गांव बडाला से बास, गांव नारनौंद से माजरा तथा गांव खरबला से भाटोल तक पांच करम के कच्चे रास्तों को पक्का किया जाएगा। श्री राणा आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि उक्त गांवों के बीच के इन रास्तों को पक्का करने के कार्य वित्त वर्ष 2026-27 में ही शुरू करके तेजी से पूरे किए जाएंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने बताया कि स्वीकृत सड़क निर्माण नीति के अनुसार हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड कम से कम 5 करम चौड़े कच्चे राजस्व रास्तों पर ग्रामीण सड़कों का निर्माण करता है। उन्होंने बताया कि बजट अधिवेशन 2020-21 के दौरान राज्य में एक गांव को दूसरे गांव से जोड़ने वाले 5 करम के चौड़े कच्चे रास्तों को पक्का करने बारे घोषणा की गई थी। तदनुसार, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा प्राथमिकता के आधार पर इन रास्तों को पक्का करने का कार्य शुरू किया गया है।

### कंथाला गांव में बनने वाले ओवरब्रिज को मंजूरी

**चंडीगढ़।** प्रदेश की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा कि पिहोवा के कंथला गांव में नया ओवरब्रिज बनाने के लिए सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है। इस ओवरब्रिज पर लगभग 850.00 लाख रुपये की लागत आएगी। इसका डिजाइन और विस्तृत अनुमान तैयार किया जा रहा है। प्रदेश की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी आज बजट सत्र के दौरान सदन में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रही थी। उन्होंने बताया कि कंथला से मलिकपुर मार्ग पर स्थित पुल पर यातायात के आवागमन को ध्यान में रखते हुए इसे 7.5 मीटर की बढ़ी हुई मार्ग चौड़ाई के साथ पुनर्निर्मित किया जाएगा। यह कार्य 30 जून 2027 तक पूरा होने की संभावना है।

### सफीदों के गांव ढाठरथ में बनेगा प्राथमिका स्वास्थ्य केंद्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि सफीदों विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव ढाठरथ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। आरती सिंह राव ने बताया कि गांव ढाठरथ में पीएचसी के नए भवन के निर्माण के लिए नक्शा 19 फरवरी 2026 को अनुमोदित किया गया था तथा पंचायती राज विभाग से अनुमानित लागत तैयार करने का अनुरोध किया गया है। इस भवन के निर्माण के लिए 30 अप्रैल तक टेंडर जारी कर दिए जाएंगे और उसके बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।


### सरकार ने प्रापर्टी आईडी को अनिवार्य किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में आवेदक परिवारों के आवासीय पते के उचित सत्यापन और प्रमाणीकरण को सुनिश्चित करने के लिए प्रॉपर्टी आईडी जुलाई 2024 से अनिवार्य किया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पानीपत के विधायक श्री प्रमोद विज द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

# प्रदेश की सड़कों की मरम्मत के लिए लगातार कदम उठा रही है सरकार: गंगवा

सिटी दर्पण संवाददाता
चंडीगढ़

हरियाणा के लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा में सड़कों के विकास और मरम्मत कार्यों को गति देते हुए राज्य सरकार प्रदेश की कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए लगातार कदम उठा रही है। बेहतर और चौड़ी सड़कों के निर्माण से जहां यातायात सुगम होगा, वहीं क्षेत्रीय विकास और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।



लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री श्री रणबीर गंगवा आज हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान विधायक मोहम्मद ईजराइल द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।

उन्होंने बताया कि नूंह से पलवल वाया मंडकोला तक सड़क की कुल लंबाई लगभग 30 किलोमीटर है। इस सड़क को फोरलेन बनाने के लिए 137.57 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) की ऋण सहायता योजना के तहत 103.17 करोड़ रुपये का ऋण भी मंजूर किया गया है। उन्होंने बताया कि वन विभाग के अनुसार प्रतिपूरक वनीकरण के लिए 26.16 हेक्टेयर (64.64 एकड़) भूमि की आवश्यकता है। इस भूमि की खरीद के लिए सरकार द्वारा 25.19 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। जमीन मालिकों से कलेक्टर रेट पर जमीन खरीदने की मंजूरी मिल चुकी है और जमीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वन मंजूरी मिलने के बाद इस सड़क को फोरलेन बनाने के लिए टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे, जिसके बाद निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

श्री गंगवा ने सदन को इस बात से भी अवगत करवाया कि वन विभाग से भूमि उपलब्ध होने में समय लग सकता है। ऐसे में यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पलवल जिले की सीमा पर मंडकोला के आरडी 16.50 की सड़क पर मौजूदा चौड़ाई के अनुसार 40 मिमी बीसी करवाने के लिए विशेष मरम्मत की मंजूरी 12 जनवरी 2026 को दे दी गई है।

### तावडू बाईपास के लिए केंद्रीय मंत्रालय कर रहा है समीक्षा: गंगवा

चंडीगढ़। हरियाणा के लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि तावडू बाईपास के एलाइनमेंट के विभिन्न विकल्पों का अंतिम निर्धारण करने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव को अंतिम स्वीकृति मिलने के पश्चात ही बाईपास के निर्माण कार्य को शुरू किया जाएगा। श्री रणबीर गंगवा आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक श्री तेजपाल तंवर द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि तावडू शहर के दक्षिणी हिस्से में पहले से ही लगभग 3.80 किलोमीटर लंबा बाईपास मौजूद है, लेकिन इसके आसपास बड़े पैमाने पर निर्माण होने के कारण यह अब मुख्य शहर से जुड़ गया है। ऐसे में यातायात के सुचारू संचालन के लिए शहर के दूसरे हिस्से में नए बाईपास का निर्माण आवश्यक हो गया है।

मंत्री ने बताया कि भीवाड़ी मोड़ से पलवल तक इस मार्ग को चार मार्गीय (फोरलेन) बनाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा स्वीकृत किया गया है। इस योजना में तावडू शहर के उत्तरी भाग में नए बाईपास के निर्माण का प्रस्ताव भी शामिल है।

उन्होंने आगे बताया कि इस कार्य के लिए 13 जून 2023 को कंसल्टेंट को डीपीआर तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। कंसल्टेंट द्वारा तावडू बाईपास के निर्माण के लिए फिजिबिलिटी स्टडी और एलाइनमेंट रिपोर्ट तैयार कर ली गई है, जिसे भीवाड़ी से पलवल तक मार्ग को चार मार्गीय बनाने की योजना के साथ मंत्रालय को स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है।

श्री गंगवा ने कहा कि एलाइनमेंट को मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही चार मार्गीय उन्नयन और तावडू बाईपास के निर्माण कार्य को आरंभ किया जाएगा।

## संपादकीय

# मिडिल ईस्ट संकट के बीच भारत निश्चिंत! सरकार बोली–दुनिया में तेल-गैस की कोई कमी नहीं

पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर उठ रही वैश्विक चिंताओं के बीच भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश की ऊर्जा सुरक्षा फिलहाल मजबूत स्थिति में है। सरकार का कहना है कि दुनिया में तेल और गैस की कोई वास्तविक कमी नहीं है और कई ऊर्जा उत्पादक देश भारत को आपूर्ति देने के लिए तैयार हैं। ऐसे समय में यह बयान बेहद अहम माना जा रहा है, जब मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता और कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। दरअसल, पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल और ईरान से जुड़े सैन्य टकराव के कारण तेल आपूर्ति मार्गों और ऊर्जा व्यापार पर खतरा मंडरा रहा है। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं, क्योंकि दुनिया के बड़े हिस्से का कच्चा तेल इसी समुद्री मार्ग से होकर गुजरता है। यदि इस मार्ग में बाधा आती है तो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो सकती है और तेल की कीमतों में तेज उछाल आ सकता है। हालांकि भारत सरकार ने इन आशंकाओं के बीच भरोसा दिलाया है कि देश की ऊर्जा आपूर्ति फिलहाल सुरक्षित है। सरकारी सूत्रों के अनुसार भारत के पास पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। मौजूदा समय में देश के पास कच्चे तेल और ईंधन का स्टॉक कई सप्ताह तक की जरूरत पूरी करने के लिए पर्याप्त है, जिससे किसी भी तात्कालिक संकट से निपटा जा सकता है। ऊर्जा विशेषज्ञों का कहना है कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी ऊर्जा नीति में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। पहले भारत अपनी तेल जरूरतों के लिए मुख्य रूप से कुछ ही मध्य-पूर्वी देशों पर निर्भर था, लेकिन अब उसने आपूर्ति के स्रोतों को विविध बनाया है। रूस, अमेरिका, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के कई देशों से कच्चा तेल और गैस आयात करने की रणनीति अपनाई गई है। इसी कारण सरकार का दावा है कि यदि किसी एक क्षेत्र में संकट उत्पन्न होता है, तब भी भारत के पास वैकल्पिक आपूर्ति स्रोत उपलब्ध रहेंगे। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक दुनिया में ऊर्जा संसाधनों की कोई कमी नहीं है। यदि पश्चिम एशिया से कुछ समय के लिए आपूर्ति प्रभावित भी होती है तो अन्य देश भारत की मांग को पूरा करने के लिए आगे आ सकते हैं। हालिया रिपोर्टों के अनुसार ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे ऊर्जा उत्पादक देश भी भारत को गैस आपूर्ति करने के लिए तैयार हैं, जिससे ऊर्जा सुरक्षा को अतिरिक्त मजबूती मिल सकती है। भारत दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा आयातकों में से एक है। देश अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85 से 88 प्रतिशत हिस्सा विदेशों से आयात करता है। प्राकृतिक गैस के मामले में भी आयात पर निर्भरता काफी अधिक है। इस वजह से वैश्विक भू-राजनीतिक संकटों का भारत की ऊर्जा व्यवस्था पर सीधा प्रभाव पड़ता है। लेकिन सरकार का कहना है कि पिछले वर्षों में उठाए गए रणनीतिक कदमों के कारण स्थिति पहले की तुलना में कहीं अधिक संतुलित और सुरक्षित है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा रणनीति में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। इन भूमिगत भंडारों में कच्चे तेल का स्टॉक रखा जाता है, ताकि आपात स्थिति में इसका उपयोग किया जा सके। रिपोर्टों के अनुसार भारत के पास लगभग 10 करोड़ बैरल कच्चे तेल का वाणिज्यिक और रणनीतिक भंडार उपलब्ध है, जो कुछ समय तक देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद कर सकता है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि मौजूदा हालात को देखते हुए ऊर्जा आपूर्ति की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने 24/7 नियंत्रण व्यवस्था स्थापित की है, जिसके जरिए देशभर में पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता और स्टॉक की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम उपभोक्ताओं को ईंधन की आपूर्ति में कोई बाधा न आए और कीमतों में अनावश्यक उतार-चढ़ाव न हो। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष का असर केवल तेल तक सीमित नहीं है, बल्कि गैस आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। हाल के दिनों में कतर से एलएनजी आपूर्ति में व्यवधान की खबरें भी सामने आई हैं, जिससे कुछ भारतीय कंपनियों को गैस आपूर्ति में अस्थायी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद सरकार का कहना है कि वैकल्पिक स्रोतों के जरिए गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है और स्थिति को नियंत्रित रखा जाएगा। विश्लेषकों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचता है तो वैश्विक तेल कीमतों में तेजी आ सकती है, जिससे भारत के आयात बिल पर दबाव बढ़ेगा। लेकिन फिलहाल सबसे बड़ी राहत यह है कि दुनिया में ऊर्जा संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त है और भारत के पास विविध आपूर्ति विकल्प मौजूद हैं। यही वजह है कि सरकार इस समय किसी भी तरह की घबराहट से बचने की सलाह दे रही है। इसके साथ ही भारत दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा के लिए नवीकरणीय ऊर्जा और वैकल्पिक ईंधन पर भी तेजी से काम कर रहा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसी परियोजनाओं के जरिए भविष्य में जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने की कोशिश की जा रही है। सरकार का मानना है कि ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण ही भविष्य में इस तरह के वैश्विक संकटों से निपटने का सबसे प्रभावी तरीका होगा। कुल मिलाकर, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बावजूद भारत फिलहाल ऊर्जा आपूर्ति के मामले में अपेक्षाकृत सुरक्षित स्थिति में दिखाई देता है। पर्याप्त भंडार, वैकल्पिक आपूर्ति स्रोत और सतत निगरानी जैसी व्यवस्थाओं के कारण सरकार को भरोसा है कि देश में तेल और गैस की उपलब्धता बनी रहेगी। यही कारण है कि सरकार बार-बार यह दोहरा रही है कि दुनिया में ऊर्जा संसाधनों की कमी नहीं है और जरूरत पड़ने पर कई देश भारत को तेल और गैस उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं।

# वैश्विक राजनीति में नैतिकता, हस्तक्षेप और उत्तरदायित्व का सवाल

डॉ. प्रियंका सौरभ (हि.स)

बीसवीं सदी का मध्य मानव इतिहास का निर्णायक मोड़ था। जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने अगस्त 1945 में जापान के नगर हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए, तब केवल दो नगर नष्ट नहीं हुए बल्कि पूरी मानव सभ्यता ने अपनी ही निर्मित विनाशकारी शक्ति का भयावह स्वरूप देखा। लाखों लोग तत्काल मारे गए और असंख्य लोग विकिरण के दीर्घकालिक प्रभाव से वर्षों तक पीड़ित रहे। इस घटना ने द्वितीय विश्वयुद्ध को समाप्त करने में भूमिका निभाई, किंतु यह प्रश्न भी छोड़ गई कि क्या किसी भी परिस्थिति में इतना व्यापक संहार उचित ठहराया जा सकता है।

इसके बाद विश्व राजनीति ने एक नया रूप धारण किया। एक ओर संयुक्त राज्य अमेरिका था और दूसरी ओर सोवियत संघ। वैचारिक संघर्ष ने संसार को दो गुटों में विभाजित कर दिया। इसी पृष्ठभूमि में 1950 से 1953 तक चला कोरियाई युद्ध केवल कोरिया की भूमि का संघर्ष नहीं था बल्कि दो विचारधाराओं की टकराहट था। इस युद्ध ने कोरियाई प्रायद्वीप को स्थायी रूप से दो भागों में बाँट दिया और असंख्य परिवारों को पीड़ा दी।

इसके कुछ वर्षों बाद 1955 से 1975 तक चला वियतनाम युद्ध विश्व इतिहास के अत्यंत विवादास्पद संघर्षों में गिना जाता है। व्यापक बमवर्षा, रासायनिक पदार्थों का प्रयोग और ग्रामीण अंचलों का विध्वंस इस युद्ध की पहचान बन गए। इस संघर्ष ने न केवल वियतनाम को गहरी क्षति पहुँचाई, बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर भी व्यापक जनविरोध और नैतिक मंथन को जन्म दिया।

इक्कीसवीं सदी के प्रारंभ में 2003 में आरंभ हुआ इराक युद्ध इस तर्क के साथ प्रारंभ किया गया कि वहाँ व्यापक विनाश के हथियार मौजूद हैं और विश्व सुरक्षा को गंभीर खतरा है। किंतु समय के साथ ऐसे हथियारों के स्पष्ट प्रमाण सामने नहीं आए। परिणामस्वरूप इराक की राजनीतिक संरचना अस्थिर हो गई, सांप्रदायिक हिंसा में वृद्धि हुई और पूरे क्षेत्र में असुरक्षा का वातावरण फैल गया।

2001 से 2021 तक चला अफगानिस्तान का युद्ध आतंकवाद के विरुद्ध अभियान के रूप में प्रारंभ हुआ। उद्देश्य था उन शक्तियों को समाप्त करना जिन्हें वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए खतरा माना गया। परंतु दो दशकों के लंबे संघर्ष, भारी आर्थिक व्यय और असंख्य जनहानि के उपरांत भी स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकी। अंततः विदेशी सेनाओं की वापसी के बाद वही संगठन पुनः सत्ता में आ गया जिसे हटाने के लिए यह अभियान आरंभ किया गया था।

मध्य और पश्चिम एशिया में उभरे आतंकी संगठन केवल किसी एक राष्ट्र की नीतियों का परिणाम नहीं थे। उनके उदय के पीछे क्षेत्रीय अस्थिरता, धार्मिक कट्टरता, आर्थिक विषमता, बाहरी हस्तक्षेप और सत्ता का रिक्त स्थान जैसे अनेक कारण रहे। फिर भी यह धारणा व्यापक है कि महाशक्तियों की नीतियों और युद्धों ने ऐसी परिस्थितियाँ निर्मित कीं जिनमें इन्हें पनपने का अवसर मिला।

लैटिन अमेरिका के अनेक देशों में भी बीसवीं सदी के दौरान राजनीतिक उथल-पुथल देखी गई। विभिन्न समयों पर बाहरी प्रभावों और गुप्त हस्तक्षेपों के आरोप लगे। कुछ स्थानों पर सैन्य शासन स्थापित हुए, तो कहीं लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ कमजोर पड़ीं। इन घटनाओं ने यह धारणा सुदृढ़ की कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में आदर्शों की अपेक्षा सामरिक और आर्थिक हितों को अधिक प्राथमिकता दी जाती है।

तेल, प्राकृतिक संसाधन, व्यापार मार्ग और सामरिक ठिकाने आधुनिक विश्व व्यवस्था के महत्वपूर्ण घटक हैं। आलोचकों का मत है कि कई बार जनतंत्र, मानवाधिकार और शांति की भाषा इन हितों को वैध ठहराने का माध्यम बन जाती है। समर्थकों का तर्क है कि वैश्विक सुरक्षा, आतंकवाद-निरोध और सहयोगी राष्ट्रों की रक्षा भी समान रूप से आवश्यक चिंताएँ हैं।

सत्य संभवतः इन दोनों दृष्टिकोणों के मध्य स्थित है। किसी भी राष्ट्र की विदेश नीति पूर्णतः नैतिक या पूर्णतः स्वार्थप्रधान नहीं होती; वह परिस्थितियों, आशंकाओं, अवसरों और रणनीतिक विचारों का सम्मिलित परिणाम होती है। फिर भी यह प्रश्न बार-बार उभरता है कि क्या राष्ट्रीय हित की रक्षा के नाम पर व्यापक जनसंहार और दीर्घकालिक अस्थिरता को स्वीकार किया जा सकता है।

जनतंत्र और मानवाधिकार केवल औपचारिक शब्द नहीं होने चाहिए, बल्कि वे ऐसे सार्वभौमिक मूल्य बनें जिनका पालन मित्र और विरोधी-दोनों के प्रति समान रूप से किया जाए। यदि शक्ति का प्रयोग चयनात्मक नैतिकता के आधार पर किया जाएगा, तो विश्व समुदाय में अविश्वास, असंतोष और वैमनस्य की भावना प्रबल होगी।

इतिहास यह शिक्षा देता है कि सैन्य विजय स्थायी समाधान प्रदान नहीं करती। स्थायी शांति संवाद, सहयोग, आर्थिक न्याय और सांस्कृतिक सम्मान से ही संभव होती है। किसी भी महाशक्ति की वास्तविक परीक्षा रणभूमि में नहीं बल्कि इस तथ्य में निहित है कि वह अपनी शक्ति का उपयोग कितनी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और मानवीय संवेदनशीलता के साथ करती है।

आज का विश्व संघर्षों, प्रतिस्पर्धा और असुरक्षा से घिरा हुआ है। ऐसे समय में आवश्यक है कि अतीत की त्रासदियों से सीख लेकर भविष्य की नीतियों का निर्माण किया जाए। यदि मानव जीवन को सर्वोच्च मूल्य माना जाए और शक्ति को उत्तरदायित्व के साथ जोड़ा जाए, तभी एक अधिक न्यायपूर्ण, संतुलित और शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था की कल्पना साकार हो सकती है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# अपडेटेड जीडीपी: डेटा-आधारित युग में निर्णयों को आकार देना

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की ओर से नए आधार वर्ष 2022-23 पर आधारित जीडीपी आँकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था ने संशोधित आधार के बावजूद मजबूत वृद्धि बनाए रखी है, जिसमें 2023-24 से 2025-26 के लिए औसत वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7 प्रतिशत से अधिक और इसी अवधि के लिए औसत नाममात्र जीडीपी वृद्धि 9 प्रतिशत से अधिक रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दूसरे उन्नत अनुमानों के अनुसार, वास्तविक जीडीपी 7.6 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि नाममात्र जीडीपी 8.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर रहा है।


इन आँकड़ों का महत्व तब और भी ज्यादा साफ हो जाता है, जब इन्हें अनेक तरीकों में बदलाव और आधार वर्ष संशोधन के दौरान अपनाए गए नए डेटा स्रोतों की पृष्ठभूमि में देखा जाता है। अन्य के अलावा, अपस्फीति या डिफ्लेशन की अधिक परिष्कृत विधियों को अपनाए जाने तथा वार्षिक सर्वेक्षण के निष्कर्षों और व्यापक प्रशासनिक डेटा सेट जैसे समृद्ध डेटा स्रोतों के समावेश- ने अर्थव्यवस्था की बदलती प्रवृत्तियों को और स्पष्ट रूप से समझने में मदद की है। यह बात भारत की जीडीपी पद्धति में बड़े पैमाने पर दिलचस्पी को देखते हुए भी मायने रखती है, जिसने अक्सर अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन पर चर्चा को बढ़ावा दिया है।

संशोधित जीडीपी आँकड़े केवल सांख्यिकीय संख्याएँ नहीं दशार्ते; बल्कि खामोशी से यह भी दशार्ते हैं कि विभिन्न सरकारी पहलें विकसित भारत@2047 के व्यापक विजन को आगे बढ़ाते हुए नीतियों को किस प्रकार ठोस क्षेत्रीय परिणामों में तब्दील कर रही हैं।

विनिर्माण क्षेत्र ने वर्ष 2023-24 से 2025-26 के बीच औसतन 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि डबल डिफ्लेशन के उपयोग और नए डेटा स्रोतों को अपनाने जैसी परिष्कृत पद्धतियों ने किस प्रकार इस क्षेत्र की वास्तविक गति को बेहतर ढंग से समझने में सक्षम बनाया है। यह ऐसी गति है, जिसको सरकार उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सहित विभिन्न योजनाओं के जरिए सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है।

नई श्रृंखला में, मूल्य संवर्धन में कृषि के योगदान में वृद्धि मुख्यतः डीजल के उपयोग में कमी तथा ज्यादा कीमत वाले फलों एवं सब्जियों के योगदान को शामिल किए जाने के कारण हुई है। ये सकारात्मक संकेत हैं, जो लागत का दबाव कम होने, सरकार के प्रोत्साहन के कारण किसानों द्वारा सौर ऊर्जा को अपनाए जाने और उच्च मूल्य वर्द्धित कृषि की ओर नीति-प्रेरित बदलाव को दशार्ते हैं। इससे खेती की लाभप्रदता मजबूत होती है और किसानों की आय में सुधार होता है।

असंगठित क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) और आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जैसे नए सर्वेक्षण



श्री सौरभ गर्ग

डेटा के उपयोग ने मुख्य रूप से अनौपचारिक क्षेत्र प्रधान सेवा क्षेत्रों, जैसे व्यापार, परिवहन और अन्य सेवाओं में जीडीपी अनुमान को नया रूप दिया है। पहले इन उद्यमों के लिए गणनाएँ सीधे आँकड़ों के बजाय बेंचमार्क आधारित अनुमानों पर निर्भर करती थीं।

उदाहरण के लिए, व्यापार, होटलों, परिवहन और संचार उप-क्षेत्र ने 2023-24 से 2025-26 के तीन वर्षों में औसतने 9 प्रतिशते की वृद्धि दर्ज की। आंशिक रूप से यह बेहतर डेटा उपयोग का परिणाम है, क्योंकि एएसयूएसई और पीएलएफएस जैसे सर्वेक्षण मौजूदा रुझानों को उजागर करते हुए अब अनौपचारिक क्षेत्र और श्रमिकों की उत्पादकता को स्पष्ट रूप से देखने में सक्षम बनाते हैं। इसी तरह, अद्यतन डेटा स्रोतों के उपयोग ने आवासीय संपत्तियों के स्वामित्व में वृद्धि को दर्ज किया है, जो सरकार की किफायती आवास योजनाओं के सकारात्मक परिणामों को दशार्ता है।

जीडीपी अनुमान नए डिजिटल डेटा स्रोतों से लाभान्वित हुआ है, जिनमें से अनेक को 'डिजिटल इंडिया' जैसी सरकारी पहल के माध्यम से अधिक सुलभ बनाया गया है। ई-वाहन, एमजीटी-7 कॉर्पोरेट रिटर्न, जीएसटी डेटा और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) जैसे डेटाबेस अब सीधे राष्ट्रीय खातों में योगदान दे रहे हैं। जीएसटी डेटा ने विशेष रूप से त्रैमासिक अनुमानों को और सटीक बनाया है और यह राज्यवार आवंटन में सुधार करेगा । इसका परिणाम अधिक मजबूत और आंतरिक रूप से संगत जीडीपी अनुमान प्रणाली के रूप में सामने आया है। यह संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण को भी दशार्ता है, जिसमें जीडीपी अनुमानों की सटीकता बढ़ाने के लिए प्रशासनिक डेटा का नए तरीकों से उपयोग किया जा रहा है।

केवल जीडीपी के लिए ही नहीं, बल्कि मंत्रालय देशभर में साक्ष्यों के आधार पर निर्णय लेने के लिए प्रशासनिक डेटा के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु वातावरण तैयार करने के व्यापक लक्ष्य को भी आगे बढ़ा रहा है। इसके मुख्य प्रयास राज्यों के साथ करीबी तालमेल सहित डेटा की गुणवत्ता, तुलनीयता और अंतः क्रियाशीलता को सुधारने पर केंद्रित हैं, ताकि राष्ट्रीय और उप-राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर डेटा का सुसंगत और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

डेटा-आधारित निर्णय लेने के इस दौर में, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को समझने और लक्षित नीतियों का मार्गदर्शन करने के लिए उप-राष्ट्रीय डेटा बेहद महत्वपूर्ण है। इसी कारण राज्यों और जिलों के स्तर पर जीडीपी के ठोस अनुमान पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है, जिसके लिए राज्यों को तकनीकी सहायता पहले ही प्रदान की जा चुकी है। इसके अलावा, वर्तमान नमूना सर्वेक्षणों में ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जिनसे राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा जिला-स्तरीय अनुमान तैयार किए जा सकें । एएसयूएसई ` और पीएलएफएस के तहत ये मजबूत उप-राज्य स्तरीय सर्वेक्षण अनुमान उप-राष्ट्रीय स्तर पर अर्थव्यवस्था का अधिक विस्तृत और व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करते हुए राज्यों/उप-राज्य जीडीपी माप की सटीकता को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे।

आधार वर्ष संशोधन ने कई सुधार लाकर और हमारी सांख्यिकीय प्रणाली की नींव को मजबूती प्रदान करते हुए आवश्यक आधार तैयार किया है। इसके बावजूद, यह केवल एक परिवर्तनकारी यात्रा की शुरूआत है, क्योंकि यह प्रणाली नए सांख्यिकीय उत्पादों और प्रशासनिक डेटा सेट्स के सामंजस्य जैसी आगामी पहलों के माध्यम से विकसित हो रही है। ये सभी प्रयास मिलकर नीति निर्माताओं को समय पर, विश्वसनीय और क्रियान्वयन योग्य जानकारी प्रदान कर गतिशील, उत्तरदायी और भविष्योन्मुख सांख्यिकीय प्रणाली के विकास को आगे बढ़ा रहे हैं।

**(सौरभ गर्ग, सचिव, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय हैं। व्यक्त किए गए विचार व्यक्तिगत हैं।)**


## आज का राशिफल



**मेष:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। *(सिटी दर्पण)*



**वृषभ:** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। *(सिटी दर्पण)*



**मिथुन:** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। *(सिटी दर्पण)*



**कर्क:** किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। *(सिटी दर्पण)*



**सिंह:** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। *(सिटी दर्पण)*



**कन्या:** संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। *(सिटी दर्पण)*



**तुला:** महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। *(सिटी दर्पण)*



**वृश्चिक:** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ङ्कूषचता रहेगी। *(सिटी दर्पण)*



**धनु:** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। *(सिटी दर्पण)*



**मकर:** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। *(सिटी दर्पण)*



**कुंभ:** जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। *(सिटी दर्पण)*



**मीन:** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। *(सिटी दर्पण)*

# पाकिस्तान, तुर्की और ईरान में चरमपंथ की उत्पत्ति और परिणाम

ईरान, इजराइल, संयुक्त राज्य अमेरिका, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के वर्तमान अशांति के अंतर्निहित कारणों और संभावित परिणामों की पूरी तरह से जांच और विश्लेषण आवश्यक है। मध्य पूर्व में इस्लामी देशों पर खमेनीई की हत्या और ईरान के हमले के प्रकाश में आतंकवाद, कट्टरपंथ और चरमपंथ को समझना महत्वपूर्ण है। जब किसी देश में अत्यधिक मजहबी चरमपंथ और ताकतवर बनने और दूसरों का दुरुपयोग करने की लालची और स्वार्थी इच्छा जागृत होती है, तो यह दुनिया को यह विचारधारा खतरे में डालती है। इसी वजह सें, लाखों लोगों की मृत्यु हो गई, प्राकृतिक संसाधनों का शोषण किया गया, आतंकवाद, नक्सलवाद, और युद्धों ने कई अर्थव्यवस्थाओं, समाजों और पर्यावरण को तबाह कर दिया। भविष्य में बढ़ने से रोकने के लिए, हमें अंतर्निहित कारण की पहचान करनी चाहिए और उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

ईरान, पाकिस्तान और तुर्की द्वारा चरमपंथी धार्मिक कल्पनाएं दुनिया भर में उथल-पुथल का मुख्य कारण हैं। ये तीन देश युवा लोगों, आतंकवाद और विरोधी मान्यवादी लक्ष्यों के साथ हानिकारक विचारधाराओं को लागू करने के लिए अन्य देशों और धर्मों को खत्म करने के प्रयासों के बीच चरम इस्लाम के प्रसार के लिए ज़िम्मेदार हैं। यहां तक कि यदि ईरान, पाकिस्तान और तुर्की कई विषयों पर असहमत हैं लेकिन वे गैर-इस्लामी देशों में शरिया, उम्मा और इस्लामी चरमपंथ को लागू करने की अपनी इच्छा के बारे में बहुत स्पष्ट हैं। इस उद्देश्य के लिए वे आवश्यकतानुसार चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के साथ सहयोग करते हैं। ये देश सीरिया, इराक, यमन, रूस, इजराइल, भारत, चीन, कई यूरोपीय राष्ट्रों और संयुक्त राज्य अमेरिका में आतंकवाद के लिए ज़िम्मेदार हैं। लाखों निर्दोष लोगों को आतंकवादी समूहों द्वारा आतंकवादी समूहों, जैश-ए-मोहम्मद, अलकायदा, लश्कर-ए-ताइबा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और कई आतंकवादी संगठन समय के साथ उभरे। लाखों लोग, महिलाएं और बच्चे इनकी बर्बरता का निशाना बने।

आतंकवादी हिंसा के अधिकांश पीड़ित सामान्य नागरिक हैं। यह उन्हें अपने दैनिक अस्तित्व के बीच में पाता है, एक ऐसी जगह पर जहां किसी को भी अपनी सुरक्षा के लिए अनावश्यक तरीके सें सचेत नहीं होना चाहिए, किसी भी समय, कहीं भी। आतंकवादी और उनके आकाओं द्वारा निरंतर भेद्यता की एक असहनीय भावना सामने आई है। शांति कुछ दिनों, हफ्तों या यहां तक कि लंबे समय तक युद्ध की तरह दिखाई दे सकती है। अंतरराज्यीय हिंसा में कमी के तार्किक परिणाम के रूप में, लोकतांत्रिक दुनिया के लोगों को आतंकवादी हमलों से अधिक आघात होता है क्योंकि उन्हें अंतःस्थापित संस्कृति विरासत में मिली है। हालांकि, लोकतंत्र स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर स्थापित एक नरम राजनीतिक व्यवस्था है, वे भी अधिक शक्तिहीन हैं।



डॉ. पंकज जगन्नाथ जयस्वाल
(हि.स)

पाकिस्तान, ईरान और तुर्की ने कश्मीर घाटी में युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर हजारों नागरिकों, पुलिस और सैन्य कर्मियों की हत्या की। कई कश्मीरी हिंदुओं की हत्या कर दी गई, यौन उत्पीड़न, दुर्व्यवहार किया गया, इस्लाम में परिवर्तित किया गया और अकेले 1990 में अपने घरों और संपत्तियों से भागने के लिए मजबूर किया, जो उनके जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी बनी। मानवीय अंतरराष्ट्रीय नेताओं को इन कट्टरपंथी, चरमपंथी और आतंकवादी निर्माण राष्ट्रों को एक सबक सिखाया जाना चाहिए। नीचे दी गई रिपोर्ट यह दशार्ती है कि इन कट्टरपंथियों ने नरसंहार और युद्धों के अलावा मानवता के लिए खतरा पैदा किया। इन्होंने दुनिया भर में आतंकवाद फैलाया, इस्लामी देशों में भी जहां हजारों मुस्लिम मारे गए हैं। यह आंकड़ा मुख्य रूप से हिंसा और युद्ध पीड़ितों की बजाय आतंकवादी हमलों की चिंता करता है, भले ही संख्या विभिन्न कारणों से वास्तविक संख्याओं से कम है।

डोमिनिक रेनी (निदेशक), फाउंडेशन फॉर द इनोवेशन ऑफ पॉलिटिकल, अक्टूबर 2024 की रिपोर्ट

1979-2024: विश्व में इस्लामी आतंकवादी हमले के अनुसार, 1979 और अप्रैल 2024 के बीच, विश्वभर में 66,872 इस्लामी हमले दर्ज किए। इन हमलों में कम से कम 249,941 लोगों की मौत हुई। इस्लामी आतंकवादियों का मुख्य निशाना सेना (34%) है, जो नागरिकों (27.7%) और पुलिस बलों (15.3%) से आगे है।

- 1979-2000: सेना (343 हमले, 15.6%), नागरिक (530 हमले, 24.1%), पुलिस बल (408 हमले, 18.6%)।
- 2001-2012: सेना (1,410 हमले, 17.1%), नागरिक (2,506 हमले, 30.3%), पुलिस बल (1,424 हमले, 17.2%)।
- 2013-अप्रैल 2024: सेना (20,556 हमले, 37.2%), नागरिक (15,111 हमले, 27.4%), पुलिस बल (8,217 हमले, 14.9%)।

यह ध्यान देने योग्य है कि ये आंकड़े वास्तविकता को कम करके आंकते हैं क्योंकि इनमें उन इस्लामी आतंकवादी हमलों को शामिल नहीं किया गया है जो गैर-मुस्लिम बहुसंख्यक देशों में हुए हैं जहां मुस्लिम आबादी कुछ प्रांतों में केंद्रित है। उदाहरण के लिए, दक्षिणी थाईलैंड में, जहां सतून, याला, पट्टानी और नाराथिवत प्रांतों में मुस्लिम बहुसंख्यक हैं, फिलीपींस में मिंडानाओ क्षेत्र में, भारत में जम्मू और कश्मीर प्रांत में, और चीन में उइघुर स्वायत्त क्षेत्र शिनजियांग में भी यही स्थिति है।

1990 के दशक के मध्य से दृश्यता का दायरा अभूतपूर्व हो गया। डिजिटल सार्वजनिक क्षेत्र के कारण आतंकवादी कृत्यों का प्रभाव दस गुना बढ़ गया। वेब के निरंतर समाचार फीड के साथ एकीकरण ने इस्लामी हिंसा के दुष्परिणामों को और भी गंभीर बना दिया। 1996 में शुरू हुआ अलजजीरा कतर का एक चैनल है जो लगभग 30 देशों में प्रसारित होता है और कुछ भाषाओं में सूचनात्मक वेबसाइटें बनाता है जो दुनिया भर के अधिकांश लोगों के लिए सुलभ हैं। इनमें से सबसे छोटे आतंकवादी संगठन भी संगठित होने, भर्ती करने, संवाद करने और दुष्प्रचार फैलाने के लिए सोशल मीडिया और अन्य सुरक्षित संदेश भेजने वाले ऐप्स का उपयोग कर सकते हैं।

स्मार्टफोन इस श्रृंखला के अंत में स्थित व्यक्ति तक पहुंचता है, जिससे उन्हें सभी नेटवर्क तक पहुंच और इन शक्तिशाली उपकरणों पर महारत हासिल करने की क्षमता मिलती है। पारंपरिक मीडिया - एजेंसियां, टेलीविजन, रेडियो और प्रेस - हमेशा हमलों को कवर करते हैं, लेकिन वे अब सूचना के प्राथमिक स्रोत नहीं रहे। उत्पादन संबंधी जानकारी पूरी तरह से सार्वभौमिक सार्वजनिक मंच पर वितरित की जाती है। आज की जनसमूह पर अनेक मीडिया माध्यमों का प्रभाव है और वेब तथा स्मार्टफोन की बदौलत एक समाचार एजेंसी की ताकत है जिसके पास 28 लाख संवाददाता हैं। व्यक्तिगत मीडिया के इस युग में इस्लामी आतंकवाद फल-फूल रहा है। तस्वीरों की शक्ति, नेटवर्क की व्यापकता और एल्गोरिदम के हेरफेर के कारण कोई भी हमला मिनटों में पूरी दुनिया में फैल सकता है।

पाकिस्तान, तुर्की और ईरान का नेतृत्व और अमानवीय विचारधाराएँ स्पष्ट रूप से उग्रवाद, आतंकवाद और कट्टरपंथ का संकेत देती हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, रूस और कुछ यूरोपीय देशों को यह समझना चाहिए कि स्वार्थपूर्ण, अल्पकालिक लक्ष्यों के लिए अमानवीय कट्टरपंथियों को वित्त पोषण करना उन्हें सबसे घातक आपदा के जाल में फंसा देगा। इन देशों को अलग-थलग करना और वैश्विक शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए निर्णायक कार्रवाई करना एक बड़ी मानवीय उपलब्धि होगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026 से पहले टाटा संस के चेयरपर्सन एन. चंद्रशेखरन और सन फार्मा के चेयरमैन दिलीप शंघवी सहित अन्य उद्योगपतियों के साथ राज्य में निवेश के अवसरों पर विचार-विमर्श

**सिटी दर्पण संवाददाता**
चंडीगढ़

पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली तथा स्थानीय निकाय मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने आज मुंबई में बड़े औद्योगिक घरानों के साथ लगातार उच्च-स्तरीय बैठकें कीं और पंजाब में निवेश के संभावित अवसरों पर चर्चा की तथा उन्हें 13-15 मार्च 2026 तक मोहाली की प्लाक्षा यूनिवर्सिटी में होने वाले प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026 में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

अपनी इस यात्रा के दौरान कैबिनेट मंत्री ने टाटा संस के चेयरपर्सन एन. चंद्रशेखरन; सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज के चेयरमैन दिलीप शंघवी; टाटा पावर के एमडी एवं सीईओ डॉ. प्रवीर सिन्हा तथा एस्सार ग्रुप के अंशुमन रुइया से मुलाकात की।

इन बैठकों में औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने तथा नवीकरणीय ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रीन लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में निवेश के अवसरों की पड़ताल पर ध्यान केंद्रित किया गया।

टाटा संस के चेयरपर्सन एन. चंद्रशेखरन के साथ विचार-विमर्श के दौरान कैबिनेट मंत्री ने पंजाब के मजबूत औद्योगिक माहौल तथा निवेश एवं औद्योगिक विकास को गति देने के लिए राज्य सरकार की उद्योग-अनुकूल नीतियों पर प्रकाश डाला।

दोनों पक्षों ने लुधियाना में टाटा स्टील की मौजूदगी के आधार पर एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग तथा स्टील इकोसिस्टम को और मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा की। इस दौरान नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तथा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) में संभावित सहयोग की भी पड़ताल की गई।

श्री चंद्रशेखरन ने निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए पंजाब सरकार की सक्रिय पहल की प्रशंसा की तथा लुधियाना में टाटा स्टील सुविधा की प्रगति पर संतुष्टि व्यक्त की।




सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज के चेयरमैन दिलीप शंघवी तथा होल-टाइम डायरेक्टर एवं सीओओ आलोक शंघवी के साथ अपनी मुलाकात में कैबिनेट मंत्री ने फार्मास्यूटिकल, हेल्थकेयर इनोवेशन तथा लाइफ साइंसेज के हब के रूप में पंजाब की स्थिति को मजबूत बनाने के अवसरों पर चर्चा की।

विचार-विमर्श के दौरान फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग तथा फॉर्मूलेशन सुविधाओं के विस्तार, एपीआई तथा बल्क ड्रग उत्पादन में निवेश, फार्मास्यूटिकल विश्लेषण एवं रेगुलेटरी सेवाओं के लिए ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स की स्थापना तथा पंजाब के मजबूत कृषि माहौल का लाभ उठाते हुए न्यूट्रास्यूटिकल तथा वेलनेस सेगमेंट्स के विकास पर चर्चा की गई।

सन फार्मा लीडरशिप ने राज्य सरकार की उद्योग-अनुकूल नीतियों की प्रशंसा की तथा पंजाब में भविष्य की साझेदारियों तथा निवेश की पड़ताल में रुचि व्यक्त की।

मंत्री ने टाटा पावर के एमडी एवं सीईओ डॉ. प्रवीर सिन्हा से भी मुलाकात की, जिसमें कंपनी की वरिष्ठ लीडरशिप ने स्वच्छ ऊर्जा तथा बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।

इस बैठक के दौरान यूटिलिटी-स्केल नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का विकास, छत पर सोलर प्लांट लगाना, टिकाऊ कृषि को समर्थन देना तथा किसानों के लिए बिजली की लागतों को कम करने के लिए एग्री-सोलराइजेशन पहल तथा राज्य भर में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार शामिल था।

टाटा पावर ने पंजाब में अपनी मौजूदा स्थिति को उजागर किया, जिसमें लगभग 100 मेगावाट क्षमता वाली सौर ऊर्जा सुविधा शामिल है, जो राज्य के नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

एस्सार ग्रुप के डायरेक्टर अंशुमन रुइया के साथ एक अन्य बैठक में एस्सार ग्रुप द्वारा पंजाब के उभरते औद्योगिक वातावरण को और मजबूत करने तथा उभरते क्षेत्रों में अवसरों की पड़ताल पर विचार-विमर्श किया गया।

सहयोग के संभावित क्षेत्रों में ग्रीन ऊर्जा तथा औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन पहल, मोहाली-चंडीगढ़ कॉरिडोर में डेटा सेंटर्स तथा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास तथा एस्सार के ग्रीनलाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस के माध्यम से वैकल्पिक ईंधन लॉजिस्टिक्स का विस्तार शामिल था। बैठक में एस्सार ग्रुप की टेक्नोलॉजी शाखा ब्लैक बॉक्स लिमिटेड के माध्यम से प्रबंधित आईटी तथा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सेवाओं के लिए संभावनाओं की भी पड़ताल की गई।

इन बैठकों के बाद मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि आगामी प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026 पंजाब की निवेश संभावनाओं को प्रदर्शित करने तथा वैश्विक कंपनियों को राज्य में उभरते अवसरों से जोड़ने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करेगा।

उन्होंने जोर देकर कहा कि माननीय राष्ट्रीय संयोजक श्री अरविंद केजरीवाल तथा माननीय मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब सरकार एक समृद्ध तथा उद्योग-अनुकूल माहौल सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है जो नवाचार, विनिर्माण तथा टिकाऊ विकास को प्रोत्साहित करता है।

नए उद्योग दिग्गजों ने हाल ही में पंजाब में निवेश के लिए सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं की प्रशंसा की तथा राज्य में भविष्य की साझेदारियों तथा निवेश के अवसरों की पड़ताल करते हुए प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026 में भाग लेने में गहरी रुचि व्यक्त की।

## पी.पी.सी.बी. द्वारा एस.जी.पी.सी. के सहयोग से सफलतापूर्वक चलाई गई प्लास्टिक-मुक्त होला मोहल्ला मुहिम

**सिटी दर्पण संवाददाता**
चंडीगढ़

सिख धर्म के प्रमुख और ऐतिहासिक पर्व 'होला मोहल्ला' की पवित्रता तथा पर्यावरण की स्वच्छता को बनाए रखने के उद्देश्य से पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पी.पी.सी.बी.) ने इस आयोजन को प्लास्टिक-मुक्त बनाने के लिए एक व्यापक अभियान सफलतापूर्वक चलाया। इस अभियान के अंतर्गत बोर्ड ने एक महत्वपूर्ण पर्यावरण-हितैषी पहल करते हुए श्री आनंदपुर साहिब में विभिन्न कमेटियों द्वारा संचालित लंगरों में लाखों की संख्या में बायोडिग्रेडेबल और कंपोस्टेबल डिस्पोजेबल वस्तुएँ निःशुल्क उपलब्ध करवाईं गई।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस मुहिम का औपचारिक शुभारंभ 1 मार्च 2026 को पी.पी.सी.बी. की चेयरपर्सन रीना गुप्ता और सदस्य सचिव लवनीत दूबे के



नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अकाल तख्त साहिब और तख्त श्री केसगढ़ साहिब के जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज्ज से मुलाकात कर किया। अभियान शुरू करने से पहले विभाग ने इसकी प्रारंभिक तैयारियाँ लगभग एक सप्ताह पहले ही शुरू कर दी थीं, जिनमें लंगर कमेटियों से संपर्क करना, उनकी आवश्यकताओं का आकलन करना और जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करना शामिल था।

प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान के दौरान विशेष रूप से पर्यावरण-अनुकूल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया गया। सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए पी.पी.सी.बी. ने 20 लाख से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले बायोडिग्रेडेबल विकल्पों की आपूर्ति सुनिश्चित की। होला मोहल्ला के दौरान 7 लाख बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक कप, 6.5 लाख बायोडिग्रेडेबल चम्मच, 2.5 लाख प्लेटें, 5 लाख बायोडिग्रेडेबल कटोरियाँ तथा अन्य सामग्री, 5,000 बायोडिग्रेडेबल कचरा बैग और 30,000 बायोडिग्रेडेबल कैरी बैग (कड़ा प्रसाद के लिए) विभिन्न लंगरों और गुरुद्वारों में वितरित किए गए।

प्रवक्ता के अनुसार इस बड़े अभियान को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए पी.पी.सी.बी. की 20 समर्पित टीमों और स्वयंसेवकों ने व्यापक सहयोग दिया। यह अभियान 27 फरवरी 2026 से 4 मार्च 2026 तक पूरे उत्साह के साथ चलाया गया। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की चेयरपर्सन रीना गुप्ता ने कहा कि गुरु साहिब का संदेश – पवन गुरु, पानी पिता, माता धरत महत – हमें प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा और संरक्षण करने की प्रेरणा देता है। इसलिए होला मोहल्ला के अवसर पर श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने से बढ़कर कोई और बेहतर प्रयास नहीं हो सकता।

## कांग्रेस ने पंजाब की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र लाने की मांग की

**सिटी दर्पण संवाददाता**
चंडीगढ़

पंजाब कांग्रेस ने राज्य की बिगड़ती वित्तीय स्थिति को लेकर व्हाइट पेपर जारी करने की मांग की है। पार्टी ने कहा है कि राज्य पर कर्ज.4 लाख करोड़ रुपये की ह्लरेडलाइनह्व पार कर चुका है और मौजूदा वित्तीय वर्ष के अंत तक इसके लगभग 4.17 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की आशंका है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि आम आदमी पार्टी सरकार की बेलगाम कर्ज.नीति ने पंजाब को दिवालियापन के कगार पर ला खड़ा किया है। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने राज्य पर बढ़ते कर्ज. के बोझ पर प्रतिक्रिया देते हुए, कहा है कि पिछली तीन दशकों की सरकारों ने मिलकर जितना कर्ज.लिया था, लगभग उतना ही मौजूदा आम आदमी पार्टी सरकार ने कुछ ही वर्षों में ले लिया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने 30 वर्षों में करीब 3 लाख करोड़ रुपये का कर्ज.लिया था, जबकि आप सरकार ने चार वर्षों में ही एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त कर्ज. जोड़ दिया, जो ज्यादातर गैर-उत्पादक उद्देश्यों के लिए लिया गया। उन्होंने कहा कि कि पिछले चार वर्षों में कोई बड़ा बुनियादी ढांचा विकास परियोजना शुरू नहीं की गई। वड़िंग ने कहा कि यह स्थिति आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए वित्तीय अनुशासन और राजस्व बढ़ाने के दावों के बिल्कुल विपरीत है। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि सरकार को पुराने कर्जों का ब्याज चुकाने के लिए नया कर्ज.लेना पड़ रहा है। इतनी नाजुक आर्थिक स्थिति के बावजूद सरकार विज्ञापनों, होर्डिंग्स, बैनरों और सरकारी संपत्तियों की रंगाई-पुताई जैसे गैर-उत्पादक खर्चों पर धन खर्च कर रही है। जब राज्य कर्ज.में डूबा हो, तो हर एक रुपया पंजाब की अर्थव्यवस्था और संस्थाओं को मजबूत करने में लगाया जाना चाहिए, न कि किसी पार्टी की छवि चमकाने में बर्बाद होना चाहिए।

## संक्षिप्त-समाचार

### ज्योतिष आचार्य सरदार बख्शीश सिंह बावा के नेतृत्व में NCP मोहाली टीम ने बच्चों के साथ मनाई होली

**मोहाली/जीरकपुर।** नेशनल कांग्रेस पार्टी मोहाली की टीम ने इस बार भी होली का पर्व सेवा और भाईचारे के साथ मनाते हुए बाल्टाना, जीरकपुर और मोहाली क्षेत्र की झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले करीब 200 बच्चों के साथ होली खेली। इस दौरान बच्चों को रंग, मिठाइयां और खाने-पीने का सामान वितरित किया गया, जिससे उनके चेहरों पर खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ज्योतिष आचार्य सरदार बख्शीश सिंह बावा (जीरकपुर) ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की सेवा करना ही सच्चे अर्थों में त्योहार मनाना है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की मदद करती रहेगी। साथ ही उन्होंने प्रशासन से अपील की कि झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष प्रयास किए जाएं, ताकि वे भी पढ़-लिखकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। इस कार्यक्रम में मनिंदर कौर मल्होत्रा (प्रेसिडेंट, महिला विंग जिला मोहाली), सरदार गुरशरण सिंह (वाइस प्रेसिडेंट), सुखमन सिंह (नूर डेयरी), रामजोत सिंह, गुरनूर सिंह और ज्योत्सना (ठउढ सचिव, जिला मोहाली) सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस सेवा कार्य ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाकर समाज में सेवा, भाईचारे और मानवता का सुंदर संदेश दिया।

### तस्वा और तरुण तहिलियानी ने चंडीगढ़ के एलांटे मॉल में दूसरा स्टोर लॉन्च किया

**चंडीगढ़।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) और मशहूर डिजाइनर तरुण तहिलियानी के उत्कृष्ट भारतीय पुरुष परिधान ब्रांड तस्वा ने एलांटे मॉल में अपना दूसरा स्टोर लॉन्च कर चंडीगढ़ में अपनी रिटेल उपस्थिति का विस्तार किया है। यह लॉन्च ऐसे क्षेत्र में एक रणनीतिक कदम है जहाँ ओकेशन ड्रेसिंग संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। चंडीगढ़ और व्यापक पंजाब बाजार में परिष्कृत भारतीय पुरुष परिधानों, विशेष रूप से शादियों और बड़े उत्सवों के लिए, मजबूत मांग बनी हुई है। इस दूसरे स्टोर के साथ, तस्वा अपनी पहुंच सुलभ करने के साथ-साथ उत्तर भारत के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है। विस्तार पर बात करते हुए, तस्वा के चीफ डिजाइन ऑफिसर तरुण तहिलियानी ने कहा कि चंडीगढ़ की अपनी एक अलग पहचान है जो डिजाइन, अनुशासन और एक प्रगतिशील दृष्टिकोण से बनी है फिर भी यह अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और उत्सव की भावना से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह केवल एक शहर नहीं है; यह एक ऐसी मानसिकता है जो वैश्विक प्रभावों को अपनाते हुए अपनी विरासत का सम्मान करती है। तस्वा की फिलॉसफी इस संतुलन के साथ पूरी तरह मेल खाता है। हमारा प्रयास हमेशा से भारतीय ओकेशन वियर की आधुनिक नजरिये से व्याख्या करने का रहा है, और हमें इस दृष्टिकोण को एक ऐसे शहर में लाने पर गर्व है जो इतनी गहरी नफासत को दशार्ता है।

### स्वयंभू के सफल टीजर के बाद होली पर निखिल सिद्धार्थ संग पहले गाने का रंगीन पोस्टर हुआ जारी

चंडीगढ़। स्वयंभू के टीजर से जबरदस्त चर्चा बटोरने के बाद मेकर्स ने अब फैंस को एक और शानदार अपडेट दिया है। होली के शुभ मौके पर टीम ने फिल्म के पहले सिंगल का पोस्टर जारी किया, जिसमें निखिल सिद्धार्थ एक दमदार नए अवतार में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में होली वाली पूरी वाइब दिख रही है, चारों तरफ चमकते रंग और जबरदस्त फेस्टिव मूड नजर आ रहा है। निखिल सिद्धार्थ इस बार काफी करिश्माई और इंटेंस अंदाज में दिख रहे हैं। पोस्टर देखकर लग रहा है कि पहला गाना हाई-एनर्जी ट्रैक होगा, जो त्योहार का धमाकेदार एंथम बन सकता है। टीजर आने के बाद से ही ह्यस्वयंभू कार्तिकेय 2 फेम निखिल सिद्धार्थ की सबसे चर्चित फिल्मों में शामिल हो गई है। टीजर में फिल्म का भव्य स्केल और दमदार कहानी की झलक दिखी, जिसे इसके बड़े सिनेमाई विजन के लिए खूब पसंद किया गया। भारत के गौरवशाली स्वर्णिम काल की पृष्ठभूमि पर बना यह टीजर विरासत, साहस और सांस्कृतिक गर्व से भरी कहानी पेश करता है।

## पुलिस ने बंबीहा गैंग के सदस्य को 3 गैर-कानूनी हथियारों के साथ किया गिरफ्तार

जैतो। फरीदकोट की एस.एस.पी.डॉ. प्रज्ञा जैन आई .पी.एस. द्वारा फरीदकोट पुलिस की लीडरशिप में क्रिमिनल लोगों के खिलाफ एक सख्त और पक्का कैंपेन चलाया है। इसके तहत, गैर-कानूनी हथियारों के धंधे और क्रिमिनल एक्टिविटीज पर बड़ी कार्रवाई करते हुए, काउंटर इंटेलिजेंस, बठिंडा के साथ जॉइंट ऑपरेशन के दौरान, बंबीहा गैंग के मेंबर को 3 गैर-कानूनी हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया है। फरीदकोट पुलिस को यह कामयाबी श्री जोगेश्वर सिंह गोराया एस.पी. (इन्वेस्टिगेशन) फरीदकोट के गाइडेंस और श्री अवतार सिंह डी.एस.पी. (इन्वेस्टिगेशन) फरीदकोट की सीधी सुपरविजन में मिली। जिसमें सी.आई.ए.स्टाफ फरीदकोट और टेक्निकल सेल की टीमों ने अहम रोल निभाया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जगविंदर सिंह उर्फ काला के तौर पर हुई है,जो बठिंडा ज़िले के रामा मंडी का रहने वाला है। पुलिस पार्टी ने आरोपी से 01 पिस्तौल .30 बोर और 02 पिस्तौल .32 बोर और 06 राउंड बरामद किए हैं। कार्रवाई के विवरण के अनुसार 03 मार्च को इंस्पेक्टर अमरिंदर सिंह इंचार्ज सी.आई.ए. स्टाफ फरीदकोट की देखरेख में सहायक थानेदार परमिंदर सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव गोदारा के बस स्टैंड पर आरोपी जगविंदर सिंह उर्फ काला को गिरफ्तार किया, जिससे मौके पर 01 पिस्तौल .30 बोर और 02 पिस्तौल .32 बोर और 06 राउंड बरामद किए गए। इस संबंध में उनके खिलाफ बाजाखाना थाने में हथियार अधिनियम की धारा 25/54/59 के तहत मामला नंबर 29 तारीख 3 मार्च 2026 दर्ज किया गया था। फरीदकोट पुलिस द्वारा मामले की जांच तुरंत शुरू कर दी गई है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी द्वारा बरामद हथियार किस मकसद से इकट्ठा किए गए थे और क्या उनका इस्तेमाल किसी बड़ी आपराधिक साजिश के लिए किया जाना था। इसके अलावा, पुलिस टीमें आरोपी के दूसरे साथियों और संभावित लिंक्स की जांच कर रही हैं, ताकि गैर-कानूनी हथियारों की सप्लाई चेन और गैंग से जुड़े पूरे नेटवर्क का पदार्फाश करके कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जा सके। यहां यह भी बताना जरूरी है कि गिरफ्तार आरोपी जगविंदर सिंह उर्फ काला का पहले से ही क्रिमिनल बैकग्राउंड रहा है, उसके खिलाफ बठिंडा जिले के थाना कोतवली में आर्म्स एक्ट के संबंध में पहले से ही केस दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी को माननीय कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लिया जा रहा है ताकि मामले की और गहराई से जांच की जा सके। फरीदकोट पुलिस ने क्रिमिनल लोगों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है और क्रिमिनल गैंग्स पर पूरी तरह से नकेल कस रही है। पुलिस जिले के हर इलाके में क्रिमिनल गतिविधियों को रोकने के लिए कार्रवाई कर रही है। जिसमें फरीदकोट पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है।

## आशीर्वाद योजना के तहत 15 जिलों में लाभार्थियों को मिली वित्तीय सहायता

**सिटी दर्पण संवाददाता**
चंडीगढ़

सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार समाज के हाशिये पर खड़े और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए योजनाबद्ध कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लगातार कार्य कर रही है। इसी दिशा में मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि आशीर्वाद योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अनुसूचित जातियों से संबंधित बेटियों के विवाह के लिए 4,817 पात्र लाभार्थियों को 24.57 करोड़ की वित्तीय सहायता जारी की गई है।



कैबिनेट मंत्री ने आगे बताया कि श्री अमृतसर साहिब, बरनाला, फरीदकोट, श्री फतेहगढ़ साहिब, गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, लुधियाना, मोगा, श्री मुक्तसर साहिब, पटियाला, एस.ए.एस. नगर, संगरूर, मलेरकोटला और तरनतारन – इन 15 जिलों से कुल 4,817 आवेदन आशीर्वाद पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुए थे, जिन सभी को कवर करते हुए राशि जारी कर दी गई हैउन्होंने बताया कि इस राशि के माध्यम से श्री अमृतसर साहिब के 739, बरनाला के 172, फरीदकोट के 190, श्री फतेहगढ़ साहिब के 124, गुरदासपुर के 437, होशियारपुर के 471 और जालंधर के 135 लाभार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इसी प्रकार लुधियाना (272), मोगा (260), श्री मुक्तसर साहिब (410), पटियाला (519), एस.ए.एस. नगर (124), संगरूर (305), मलेरकोटला (98) और तरनतारन (561) के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ दिया गया है। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि आशीर्वाद योजना के अंतर्गत कम आय वाले परिवारों से संबंधित बेटियों के विवाह के लिए 51,000 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का पंजाब का स्थायी निवासी होना, गरीबी रेखा से नीचे श्रेणी में होना तथा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग या अन्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित होना आवश्यक है। जिन परिवारों की वार्षिक आय 32,790 से कम है, वे अपनी दो बेटियों तक इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि यह वित्तीय सहायता डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है, जिससे पारदर्शिता, जवाबदेही और समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने अंत में कहा कि पंजाब सरकार सामाजिक सुरक्षा प्रणाली को और मजबूत करने तथा समावेशी विकास को तेज गति से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि प्रत्येक पात्र परिवार तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सम्मान और पारदर्शिता के साथ पहुंच सके।

**मिशन जीवनजोत के तहत भीख मंगवाने और शोषण से 1,027 बच्चों को बचाया गया**

# भगवंत मान सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए अहम सुधार, 35.7 लाख लाभार्थियों को 23,102 करोड़ रुपये से अधिक की पेंशन वितरित: डॉ. बलजीत कौर

**सिटी दर्पण संवाददाता**
चंडीगढ़

सामाजिक सुरक्षा को और मजबूत करते हुए तथा महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने वर्ष 2022 से 2026 के बीच सामाजिक सुरक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। यह जानकारी आज यहां सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने दी।

समाज के कमजोर वर्गों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए भगवंत मान सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि वाले 5.2 लाख से अधिक पंजाबियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में शामिल किया है। इसके साथ ही लगभग 35.7 लाख बुजुर्ग नागरिकों, बेसहारा एवं विधवा महिलाओं और दिव्यांगजनों को 23,102 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पेंशन के रूप में वितरित की गई है।

पिछली सरकारों के समय से चली आ रही प्रशासनिक लापरवाहियों और निगरानी प्रणाली की कमियों को दूर करते हुए पंजाब सरकार ने पेंशन रिकॉर्ड की व्यापक जांच करवाई। इस प्रक्रिया के दौरान 1.9 लाख से अधिक ऐसे पेंशनधारियों की पहचान की गई, जिनकी मृत्यु हो चुकी थी या जो पेंशन के पात्र नहीं थे। इन्हें सरकारी रिकॉर्ड से हटाया गया, जिससे सार्वजनिक धन की बबार्दी को रोका जा सका और राज्य सरकार को प्रतिवर्ष लगभग 350 करोड़ रुपये की बचत सुनिश्चित हुई।

इस दौरान यह भी सामने आया कि कई वर्षों से मृत या अयोग्य व्यक्तियों के बैंक खातों में पेंशन की राशि ट्रांसफर होती रही थी। पिछली सरकारें ऐसे मामलों को ट्रैक करने के लिए प्रभावी प्रणाली स्थापित करने में असफल रही थीं। परिणामस्वरूप इन खातों में लगभग 450 करोड़ रुपये की राशि जमा हो गई थी, जिसका उपयोग नहीं हो पा रहा था। भगवंत मान सरकार ने इन खातों की पहचान कर इस निष्क्रिय राशि को जनकल्याण योजनाओं के लिए उपयोग में लाया। राज्यव्यापी ह्लसाडे बुजुर्ग साडा मानह्व अभियान के तहत भगवंत मान सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 20,110 से अधिक बुजुर्गों को पंजीकृत किया। इन शिविरों में मुफ्त नेत्र जांच, ईएनटी जांच, मोतियाबिंद की जांच, चश्मों का वितरण,



ऑर्थोपेडिक परामर्श, वरिष्ठ नागरिक कार्ड जारी करना तथा मौके पर ही पेंशन सुविधा प्रदान की गई। बुजुर्गों की देखभाल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पंजाब सरकार ने मानसा में 9.12 करोड़ रुपये की लागत से 72 बिस्तरों वाला सरकारी वृद्धाश्रम स्थापित किया। इसके अलावा 14 जिलों में वृद्धाश्रम चलाने वाले गैर-सरकारी संगठनों को लगभग 7 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता दी गई। साथ ही वरिष्ठ नागरिक डे-केयर केंद्रों को भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करते हुए जिलों में मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल और अपीलीय ट्रिब्यूनल को सक्रिय किया गया। मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल के अंतर्गत 1,120 मामलों का निपटारा किया गया, जबकि अपीलीय ट्रिब्यूनल में 669 मामलों को हल किया गया।

हेल्पएज इंडिया के सहयोग से वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन 14567 पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2,956 मामले दर्ज हुए, जिनमें से 2,930 मामलों का सफलतापूर्वक समाधान किया गया और पेंशन, स्वास्थ्य सेवा तथा कानूनी मामलों में सहायता प्रदान की गई।

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक इतिहासिक मुफ्त बस यात्रा योजना के तहत हर महीने लगभग 1.20 करोड़ मुफ्त बस यात्राओं की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस योजना पर पंजाब सरकार ने अब तक 2,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। इससे छात्राओं को कॉलेज आने-जाने में सुविधा मिली है और कामकाजी महिलाओं के खर्च में भी कमी आई है।

कामकाजी महिलाओं के लिए मोहाली, जालंधर और अमृतसर में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से पांच वर्किंग वूमेन हॉस्टल बनाए जा रहे हैं। इन हॉस्टलों में क्रेच सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिससे महिलाएं अपने परिवारिक दायित्वों के साथ-साथ अपने करियर को भी आगे बढ़ा सकेंगी।

प्रारंभिक बाल विकास को मजबूत करने के लिए पिछले चार वर्षों में लगभग 4,400 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती की गई है, जबकि 6,100 से अधिक अतिरिक्त कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया जारी है।

भगवंत मान सरकार ह्लनई दिशा योजनाह्व के तहत राज्य के सभी 27,314 आंगनवाड़ी केंद्रों में योग्य महिलाओं को हर महीने नौ सैनिटरी पैड मुफ्त दिए जा रहे हैं। अब तक 13.65 लाख महिलाओं को 7.37 करोड़ सैनिटरी पैड वितरित किए जा चुके हैं, जिससे मासिक धर्म के दौरान महिलाओं की स्वच्छता, स्वास्थ्य और गरिमा सुनिश्चित हो रही है।

# ईरानी युद्धपोत को श्रीलंका में बनाया निशाना, 87 नौसैनिक मारे गए

## खामेनेई के अंतिम संस्कार का कार्यक्रम स्थगित, यूएस चार्टर्ड उड़ान मिडिल ईस्ट से निकली, हिजबुल्लाह के गढ़ और अमेजन डेटा सेंटर पर हमला

एजेंसी (हि.स.)
तेहरान/तेल अवीव/वाशिंगटन

ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले के बाद समूचा मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) रणभूमि बना हुआ है। हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई और परिवार के सदस्यों की मौत हो चुकी है। ईरान में हालात इतने मुश्किल हो गए हैं कि खामेनेई को सुपुर्द-ए-खाक करने के सभी कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिए हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के आक्रामक तेवरों से उठ रही युद्ध की लपटों से व्यापक तबाही हुई है। ईरान के एक युद्धपोत को निशाना बनाकर श्रीलंका में डुबो दिया गया है। इसमें 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं। सैन्य संघर्ष में उलझे राष्ट्रों का एक-दूसरे को धमकी देने का सिलसिला जारी है।


फोटोः हि.स.

सीएनएन, सीबीएस न्यूज, द टाइम्स ऑफ इजराइल और कुछ अन्य प्रभावी समाचार प्रसारण केंद्रों की रिपोर्ट्स में इस घटनाक्रम पर व्यापक चर्चा की गई है। इनका निचोड़ है कि यह युद्ध लंबा खिंच सकता है। ईरान ने धमकी दी है कि अगर इजराइल और अमेरिका के इस्लामिक रिपब्लिक पर हमले जारी रहेंगे तो वह डिमोना न्यूक्लियर साइट को निशाना बनाएगा। उधर, ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल के दागने से मध्य इजराइल में रातभर खतरे के सायरन बजते रहे। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने लोगों को तत्काल इलाका खाली करने की चेतावनी जारी की है। इसके बाद आईडीएफ ने बेरूत में हिजबुल्लाह के गढ़ पर हमला किया है। इजराइल की मैगन डेविड एडोम एम्बुलेंस सर्विस ने कहा है कि ईरान के नए बैलिस्टिक मिसाइल हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। उधर, कतर ने सावधानी बरतते हुए अमेरिकन एंबेसी के आसपास के इलाके से लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट ने कहा कि देश के नागरिकों के लिए यूएस चार्टर्ड उड़ान मिडिल ईस्ट से निकल चुकी है। युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली उड़ान बताई जा रही है। स्टेट डिपार्टमेंट ने कहा है कि उड़ानों की संख्या बढ़ाई जाएगी। यूएई, कतर, सऊदी अरब और इजराइल में रह रहे लोग अगर स्वदेश लौटना चाहते हैं तो क्राइसिस इनटेक फॉर्म भरें या स्टेट डिपार्टमेंट की 24/7 टास्क फोर्स से +1-202-501-4444 पर संपर्क करें।

इजराइल ने कहा कि उसने तेहरान के साथ-साथ बेरूत में हिजबुल्लाह के इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला शुरू कर दिया है। ईरान ने कहा है कि उसने बहरीन में एक अमेजन डेटा सेंटर पर ड्रोन हमला किया है। इस बीच अमेरिका में रिपब्लिकन ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया जिसका मकसद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तेहरान के खिलाफ भविष्य की यूएस मिलिट्री कार्रवाई के लिए कांग्रेस से मंजूरी लेने की जरूरत थी। पेंटागन ने रविवार को कुवैत में ड्रोन हमले में मारे गए दो सदस्यों की पहचान कर ली है।

### ईरान में अब तक 1000 से ज्यादा लोगों की मौत

अमेरिका की एक मानवाधिकार एजेंसी के मुताबिक, इस अमेरिका और इजराइल के हमले में अब तक ईरान के अंदर 1,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका ने ईरान पर युद्ध को और तेज कर दिया है। तुर्किये से श्रीलंका तक मौजूद ईरान के सैन्य साजो सामान को लक्ष्य किया गया है। इजराइल भी तेहरान और लेबनान में तेज हमले कर रहा है। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका ने हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया। इस बीच ईरानी सरकार ने कहा कि अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार का कार्यक्रम तीन दिन टाल दिया गया है।

### ईरान के 32 नौसैनिक घायल

अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने कहा कि ₹उम्मीद है कि आज और कल लगभग 6,500 लोग मिडिल ईस्ट से स्वदेश पहुंच जाएंगे। उड़ानों की संख्या बढ़ाने के साथ अन्य विकल्पों पर ठोस निर्णय लिया जा चुका है। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका ने भारत से लौट रहे एक ईरानी युद्धपोत को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया है। हमले में अब तक 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं। श्रीलंका की नौसेना ने 32 घायल नौसैनिकों का रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। इसमें लगभग 180 नौसैनिक सवार थे। यह ईरानी युद्धपोत पिछले महीने भारत के विशाखापत्तनम में आयोजित 2026 इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लेकर लौट रहा था। श्रीलंकाई अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच (भारतीय समय के मुताबिक) यह युद्धपोत दक्षिणी श्रीलंका के गाले शहर से करीब 40 समुद्री मील (करीब 75 किलोमीटर) दूर था।

### 17,500 से अधिक अमेरिकी सुरक्षित लौटे

अमेरिका ने कहा है कि 28 फरवरी से अब तक 17,500 से अधिक अमेरिकी नागरिक मध्य पूर्व से सुरक्षित रूप से स्वदेश लौट चुके हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के मीडिया नोट में सहायक विदेश सचिव डिलन जॉनसन ने कहा कि अकेले मंगलवार को ही 8,500 से अधिक अमेरिकी नागरिक अमेरिका लौटे। अमेरिका ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव और सुरक्षा जोखिमों के बीच अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए निकासी और सहायता प्रयास तेज कर दिए हैं। उधर, इंटरनेट मॉनिटरिंग संगठन नेटब्लाक्स ने बताया है कि ईरान लगभग 100 घंटे से इंटरनेट कनेक्टिविटी से लगभग पूरी तरह कट गया है। यह इस साल दूसरी बार है जब ईरान में इस तरह का इंटरनेट शटडाउन लागू किया गया है।

### ईरान की इजरायल के परमाणु केंद्र को निशाना बनाने की धमकी

एक ईरानी सैन्य अधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका और इजराइल इस्लामिक गणराज्य में शासन परिवर्तन की कोशिश करते हैं तो ईरान इजरायल के डिमोना परमाणु केंद्र को निशाना बना सकता है। इरना न्यूज एजेंसी के अनुसार, इस अधिकारी ने कहा कि ऐसी किसी भी कोशिश की स्थिति में दक्षिणी इजरायल में स्थित इस परमाणु सुविधा पर हमला किया जा सकता है।

### अमेरिकी समर्थन से कुर्द लड़ाकों की ईरान में उतरने की तैयारी

उत्तरी इराक में स्थित कुर्द ईरानी असंतुष्ट समूह अमेरिकी समर्थन से ईरान में संभावित सीमा पार सैन्य अभियान की तैयारी में हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने इराकी कुर्दों से ईरान में संभावित सीमा-पार सैन्य अभियान में सहयोग करने का अनुरोध किया है। उत्तरी इराक के अर्ध स्वायत्त कुर्द क्षेत्र में स्थित कुर्दिस्तान फ्रीडम पार्टी के अधिकारी खलील नादिरी ने बताया कि कुछ कुर्द बलों को सुलेमानीया प्रांत में ईरान की सीमा के पास के इलाकों में तैनात किया गया है। वह आदेश मिलते ही हमला कर देंगे। नादिरी ने कहा कि संभावित सैन्य अभियान के लिए कुर्द विपक्षी समूहों के नेताओं से अमेरिकी अधिकारियों ने संपर्क किया था। **और क्या हो रहा है-** इराक के प्रमुख शिया धर्मगुरु अयातुल्ला अली अल-सिस्तानी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से क्षेत्र में बढ़ते तनाव को कम करने और संघर्ष को और फैलने से रोकने के प्रयास करने की अपील भी की। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच ब्रिटेन ने ईरान के राजदूत को तलब किया है। ब्रिटेन का आरोप है कि क्षेत्र में तनाव बढ़ाने में तेहरान की भूमिका रही है। ब्रिटेन के फॉरेन, कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस ने एक बयान में कहा कि मध्य पूर्व मामलों के मंत्री हामिश फाल्कनर ने बुधवार को लंदन में ईरान के राजदूत सैयद अली मौसवी को तलब किया। अमेरिकी संयुक्त चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष ने कहा कि अमेरिका अब ईरान के भीतर और गहराई तक हमले करना शुरू करेगा। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने चेतावनी दी कि तेहरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान अभी बहुत शुरूआती चरण में हैं। अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा ईरान के खिलाफ चलाए जा रहे सैन्य अभियान में आगे और तीव्र कार्रवाई की संभावना है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया राज्यसभा जाने का ऐलान

एजेंसी (हि.स.)
पटना


फोटोः हि.स.

नीतीश कुमार ने बिहार के सियासी अटकलों पर विराम लगा दिया है। एक्स पर पोस्ट के माध्यम से उन्होंने कहा कि पिछले दो दशक से भी अधिक समय से आपने अपना विश्वास एवं समर्थन मेरे साथ लगातार बनाए रखा है, तथा उसी के बल पर हमने बिहार की और आप सब लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की ही ताकत थी कि बिहार आज विकास और सम्मान का नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है। इसके लिए पूर्व में भी मैंने आपके प्रति कई बार आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि मैं बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों का सदस्य बनूं। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूं। मैं आपको पूरी ईमानदारी से विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आपके साथ मेरा यह संबंध भविष्य में भी बना रहेगा एवं आपके साथ मिलकर एक विकसित बिहार बनाने का संकल्प पूर्ववत कायम रहेगा। जो नई सरकार बनेगी उसको मेरा पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहेगा। नीतीश कुमार राज्यसभा चुनाव के लिए थोड़ी देर में ही अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

# स्पेन ने अमेरिकी सेना के साथ सहयोग पर जताई सहमति


**ट्रेड प्रतिबंध की ट्रंप की चेतावनी के बाद बदले संकेत**

एजेंसी (हि.स.)
वॉशिंगटन/मैड्रिड

ईरान पर अमेरिकी-इजराइली हमलों को लेकर मतभेदों के बीच स्पेन ने अमेरिकी सेना के साथ सहयोग करने पर सहमति जताई है। यह जानकारी व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने बुधवार को दी।

लेविट ने संवाददाताओं से कहा कि स्पेन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संदेश को 'स्पष्ट रूप से' सुना है और पिछले कुछ घंटों में अमेरिकी सेना के साथ सहयोग के लिए सहमति व्यक्त की है। एक दिन पहले ट्रंप ने मैड्रिड पर व्यापार प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने संकेत दिया था कि यदि स्पेन ने तेहरान के खिलाफ सैन्य अभियान में दक्षिणी स्पेन स्थित संयुक्त नौसैनिक और वायु ठिकानों के उपयोग की अनुमति नहीं दी, तो वह व्यापारिक संबंधों पर पुनर्विचार कर सकते हैं। स्पेन ने अमेरिकी और इजराइली बमबारी की आलोचना करते हुए इसे 'लापरवाह और अवैध' करार दिया था। उप-प्रधानमंत्री मारिया जीसस मोंटेरो ने कहा कि स्पेन 'किसी भी देश का अधीनस्थ नहीं बनेगा।' वहीं प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने राष्ट्र के नाम संबोधन में युद्ध-विरोधी रुख दोहराते हुए चेताया कि यह संघर्ष वैश्विक आपदा का कारण बन सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव और संभावित आर्थिक परिणामों को देखते हुए स्पेन ने अपने रुख में लचीलापन दिखाया है, हालांकि मैड्रिड ने आधिकारिक तौर पर अपने युद्ध-विरोधी रुख से पीछे हटने की घोषणा नहीं की है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने दी होली की शुभकामनाएं



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हिंदू त्योहार होली पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उनका संदेश व्हाइट हाउस ने जारी किया है। उन्होंने अमेरिकियों को शुभकामनाएं देते हुए शांति की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा- "मेलानिया और मैं होली के हिंदू त्योहार को मनाने वाले सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं भेजते हैं। यह दिन वसंत ऋतु के आगमन का स्वागत और बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव है। आज, जब दुनिया भर के समुदाय रंगों के इस त्योहार को मनाने के लिए एकत्रित हो रहे हैं, मैं होली मनाने वाले सभी अमेरिकियों को आशा, शांति और एकता से भरे दिन की शुभकामनाएं देता हूं।"

### तेंगनौपाल नाका चेक पोस्ट पर भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त

**तेंगनौपाल (मणिपुर)।** मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के अंतर्गत तेंगनौपाल थाना क्षेत्र के नाका चेक पोस्ट पर सुरक्षा बलों ने एक चारपहिया वाहन को रोककर भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि बुधवार देर शाम एमएन 01 एडब्ल्यू 8063 पंजीकरण संख्या वाली एक थार वाहन को नियमित जांच के दौरान रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से 2.33 किलोग्राम डब्ल्यूवाई टैबलेट तथा 0.592 किलोग्राम ब्राउन शुगर बरामद कर जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त वाहन से एक मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड तथा थार वाहन का आरसी भी बरामद किया गया है। सुरक्षा बलों ने सभी बरामद सामान को जब्त कर लिया है और मामले की आगे की जांच जारी है।हालांकि, इस मामले में कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जांच में खलल पड़ने के चलते इसकी जानकारी पुलिस ने साझा नहीं किया है।

## संक्षिप्त-समाचार

### कोरबा में जंगली हाथी का हमला, मंडी प्रभारी की कुचलकर मौत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के कोरकोमा क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां जंगली हाथी के हमले में उपार्जन केंद्र कुदमुरा समिति कोरकोमा में पदस्थ मंडी प्रभारी राजेश कुमार सिंह (55) की मौत हो गई। घटना बीती रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। अचानक हुए इस हमले से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार राजेश कुमार सिंह मूल रूप से रजगामार के निवासी थे और आवासी सेवा समिति के सदस्य भी थे। बताया जा रहा है कि घटना के समय उनकी पत्नी भी उनके साथ मौजूद थीं। रात के समय क्षेत्र में जंगली हाथी पहुंच गया और अचानक हमला कर दिया। हाथी ने राजेश कुमार सिंह को कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं हमले के दौरान उनकी पत्नी किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहीं। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। आसपास के क्षेत्रों में हाथी की मौजूदगी को देखते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वन विभाग की टीम हाथी की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है ताकि किसी और अप्रिय घटना को रोका जा सके। इस संबंध में कोरबा डीएफओ प्रेमलता यादव ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जंगली हाथी के मूवमेंट की जानकारी मिलने के बाद लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं और वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

### होली में हुड़दंग करने वाले 277 गिरफ्तार, 12.4 लीटर अवैध शराब जब्त

**कोलकाता।** होली पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने अव्यवस्थित आचरण के आरोप में कुल 277 लोगों को गिरफ्तार किया। विभिन्न डिवीजनों में की गई कार्रवाई के दौरान यह गिरफ्तारियां की गईं। कोलकाता पुलिस ने गुरुवार सुबह अपने बयान में ये जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि अभियान के दौरान पुलिस ने 12.4 लीटर अवैध शराब भी जब्त की। अधिकारियों के अनुसार त्योहार के मद्देनजर सार्वजनिक स्थानों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए विशेष निगरानी रखी गई थी। जहां-जहां भी हुड़दंग और मारपीट की सूचना मिली वहां पहुंची पुलिस की टीम ने गिरफ्तारियां की है। पुलिस ने बताया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बेंगलुरु में पुरुलिया के प्रवासी मजदूर की मौत

**पुरुलिया।** जिले के कोटशिला थानांतर्गत खैरी गांव के निवासी एवं प्रवासी मजदूर अनादी महतो (35) की बेंगलुरु में मौत हो गई। वह वहां भातुरा थाना इलाके की एक संस्था में रसोइये के रूप में काम करते थे। सूत्रों के अनुसार, अनादी पिछले छहझसात वर्षों से बेंगलुरु में कार्यरत थे और रोज सुबह करीब चार बजे उठकर काम शुरू करने से पहले अपनी पत्नी प्रीतिलता महतो को फोन किया करते थे। परिजनों के अनुसार, मंगलवार सुबह निर्धारित समय पर फोन नहीं आने पर प्रीतिलता ने खुद कॉल किया। फोन किसी अन्य व्यक्ति ने उठाया और बताया कि रात में अनादी की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। प्रीतिलता ने बताया कि एक दिन पहले रात करीब 11 बजे तक उनकी अनादी से बात हुई थी और उस समय उन्होंने किसी बीमारी की शिकायत नहीं की थी। अनादी के साले चित्तरंजन महतो ने बताया कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। मृत्यु की खबर गांव पहुंचते ही बुधवार जिला तृणमूल नेता शांतिराम महतो और श्रमिक नेता उज्ज्वल कुमार परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शव को गांव लाने की व्यवस्था पर नजर रखी है। पोस्टमार्टम के बाद अनादी का शव कफिन में रखकर विमान से रांची होते हुए गांव लाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन शुरूआत में केवल कफिन का टिकट कटने की जानकारी मिलने पर परिजनों ने आपत्ति जताई। बाद में जिस संस्था में अनादी काम करते थे, उसने दो लोगों के साथ आने के लिए विमान टिकट की व्यवस्था की।

# कर्नाटक में बेंगलुरु समेत कई जिलों में लोकायुक्त का छापा

एजेंसी (हि.स.)
बेंगलुरु



फोटोः हि.स.

भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों के तहत कर्नाटक लोकायुक्त के अधिकारियों ने गुरुवार सुबह राज्य के विभिन्न जिलों में एक साथ छापेमारी की। राजधानी बेंगलुरु सहित मंड्या, धारवाड़, हासन, मैसूरु, विजयपुरा और यादगिरि जिलों में कई अधिकारियों के घरों और दफ्तरों में तलाशी अभियान शुरू किया।

बेंगलुरु शहर में चार स्थानों पर कार्रवाई की गई। केआरआईडीएल के मुख्य अभियंता वसंत वी. नायक, बीडीए क्षेत्र के आरएफओ डालेश तथा रायत सेवा सहकारी संघ के सीईओ शशिधर के आवास और कार्यालयों में दस्तावेजों की जांच की गई। यादगिरि के विद्युत विभाग के उप विद्युत निरीक्षक वीरेश हिरेमठ, मंड्या लोक निर्माण विभाग के उपखंड एएई एस. सतीश, धारवाड़ के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के तालुका पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एम.के. सुरकोड के घरों पर भी छापे डाले गए। हासन नगर पालिका के एएई एम.सी. सत्यनारायण, मैसूरु के जल भवन स्थित कर्नाटक शहरी जल आपूर्ति और जल निकासी बोर्ड के एएई और ईई आसिफ इकबाल तथा विजयपुरा की कृष्णा भाग्य जल निगम लिमिटेड में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता प्रकाश पी.जी. के आवासों पर भी तलाशी जारी है। लोकायुक्त अधिकारियों द्वारा बैंक खातों का विवरण, चल-अचल संपत्ति से जुड़े दस्तावेज और वित्तीय लेन-देन की जानकारी जुटाई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के आधार पर आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए यह कार्रवाई की गई है। इसी दौरान हासन नगर पालिका के एएई एम.सी. सत्यनारायण द्वारा दरवाजा नहीं खोलने की घटना भी सामने आई। बाद में स्थानीय पुलिस की सहायता से दरवाजा खुलवाकर तलाशी अभियान आगे बढ़ाया गया।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी सोना और चांदी की घटी चमक

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान सोना और चांदी के भाव ने कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 2,850 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह चांदी की कीमत में भी 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफाबाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,64,500 रुपये से लेकर 1,64,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,50,790 रुपये से लेकर 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी की कीमत में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफाबाजार में आज 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।


फोटोः हि.स.

दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,64,650 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,64,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,50,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,64,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,50,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,64,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,50,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,64,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,50,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,64,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,50,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफाबाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,64,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,64,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,50,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,64,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली


फोटोः हि.स.

घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान आज तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के कुछ देर बाद बिकवाली का दबाव बनने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट भी आई। राहत की बात यही रही की यह दोनों इन दोनों सूचकांकों के लाल निशान में पहुंचने के पहले ही रिकवरी शुरू हो गई। पहले 15 मिनट के बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी का रुख बन गया। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.45 प्रतिशत और निफ्टी 0.50 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, कोल इंडिया, ओएनजीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनटीपीसी के शेयर 3.72 प्रतिशत से लेकर 2.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, अदानी एंटरप्राइज, मैक्स हेल्थकेयर, एचडीएफसी लाइफ, एचसीएल टेक्नोलॉजी और एटरनल के शेयर 1.03 प्रतिशत से लेकर 0.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,724 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,940 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 784 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 12 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

**सहायता** खाड़ी देशों में रह रहे मप्र के निवासियों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

# पीएम ने विपरीत परिस्थितियों में निकाली समाधान की राह : डॉ. यादव

एजेंसी (हि.स.)
भोपाल


फोटोः हि.स.

मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने इजराइल-ईरान युद्ध के बीच खाड़ी देशों में रह रहे प्रदेशवासियों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इसके साथ ही नई दिल्ली स्थित मध्य प्रदेश भवन में सरकार ने कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया है।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार देर शाम जारी एक बयान में कहा कि मध्य पूर्व एशिया खाड़ी युद्ध की स्थिति पर मध्य प्रदेश के नागरिकों की सहायता के लिए महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके लिए विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान अप्रत्याशित परिस्थितियों को दृष्टिगत खाड़ी देशों में रह रहे मध्य प्रदेश के निवासियों की सहायता के लिए मध्य प्रदेश भवन, नई दिल्ली में 24x7 कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। खाड़ी देशों में अध्ययन, नौकरी, व्यवसाय, पर्यटन, इत्यादि के लिए गए मध्य प्रदेश के निवासी वर्तमान परिस्थितियों में किसी प्रकार की सहायता की अपेक्षा करते हों तो वे कंट्रोल रूम में संपर्क कर सकते हैं।

कंट्रोल रूम की सहायता से मध्य प्रदेश शासन द्वारा संबंधितों को भारत सरकार एवं संबंधित अन्य एजेंसियों से संपर्क करते हुए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन इस बारे में संवेदनशील है। गृह विभाग, मध्य प्रदेश शासन और नई दिल्ली में आवासीय आयुक्त कार्यालय मध्य प्रदेश भवन की टीम तैनात है। सीएम हेल्पलाइन 181 नंबर पर परिजन से प्राप्त हो रही सूचनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। सभी का पंजीयन और रिकॉर्ड भी रखा जा रहा है। भारत शासन के विदेश मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर नागरिकों को सुरक्षित वापस स्वदेश बुलवाने की व्यवस्था की गई है। इस अवधि में नागरिकों के लिए भोजन और अन्य व्यवस्थाओं की चिंता की जा रही है। परिजनों से भी संवाद स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि नई दिल्ली में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 011-26772005, व्हाट्सऐप नम्बर - 9818963273 और ईमेल आईडी - mphelpdeskgulf@gmail.com है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में भारत सरकार ने पूर्व में भी ऐसी विपरीत परिस्थितियों में समाधान की राह निकाली है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी संपूर्ण स्थिति पर नजर रखते हुए समीक्षा कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय सहित सभी संबंधित मंत्रालय भी गतिशील हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार मध्य पूर्व एशिया में युद्ध की परिस्थितियों के संबंध में पूर्ण सजग और संवेदनशील है। मध्यप्रदेश सरकार के प्रयासों के अच्छे परिणाम भी आ रहे हैं। लगभग 50 परिवारों द्वारा पंजीयन करवाया गया है। मेरा यही अनुरोध है कि सीएम हेल्पलाइन एवं नई दिल्ली स्थित कंट्रोल रूम पर नागरिक संपर्क कर सकते हैं।

यह चुनौती अवश्य है लेकिन कठिन कार्य नहीं है। इस चुनौती का हम समुचित ढंग से सामना कर हल निकल रहे हैं। कृपया इस व्यवस्था पर विश्वास बनाए रखें और अपनी कठिनाइयों के लिए हेल्पलाइन पर अवगत करवाने का कष्ट करें और अपना जीवन सुरक्षित करें। सेफ रहें और एक रहें।

**दूरभाष नंबर और ईमेल आईडी निम्न अनुसार हैं**

- दूरभाष नम्बर - 011-26772005
- व्हाट्सऐप नम्बर - 9818963273
- ई-मेल आई.डी. - mphelpdeskgulf@gmail.com

# ग्लोबल मार्केट से शानदार रिकवरी के संकेत, एशियाई बाजार में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज शानदार रिकवरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान खरीदारी होती रही। वहीं एशियाई बाजार में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान खरीदारी का रुख बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.78 प्रतिशत उछल कर 6,869.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 299.18 अंक यानी 1.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,815.87 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 184.20 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 48,555.21 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 83.52 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की मजबूती के साथ 10,567.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.78 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,167.73 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

# फिन एलेन ने टी20 विश्व कप में लगाया सबसे तेज शतक

## 33 गेंदों में शतक जड़कर इतिहास रच दिया

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली



फोटोः हि.स.

न्यूजीलैंड के विस्फोटक बल्लेबाज फिन एलेन ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महज 33 गेंदों में शतक जड़कर इतिहास रच दिया। यह टी20 विश्व कप के इतिहास का सबसे तेज शतक है। एलेन ने नाबाद 100 रन की पारी खेलते हुए न्यूजीलैंड को 170 रन का लक्ष्य सिर्फ 12.5 ओवर में ही हासिल करा दिया।

अपनी तूफानी पारी में उन्होंने 10 चौके और आठ छक्के लगाए। इससे पहले टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम था, जिन्होंने 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 47 गेंदों में शतक बनाया था। फिन एलेन का 33 गेंदों का शतक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज शतक भी है। उन्होंने नामीबिया के जैन निकोल लॉफ्टी-ईटन और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के रिकॉर्ड की बराबरी की। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम है, जिन्होंने 27 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाने वाले न्यूजीलैंड के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने कहा कि उन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के अजेय अभियान को रोकने के लिए उसकी हर चुनौती का डटकर सामना करने की रणनीति अपनाई थी जिसमें उनकी टीम सफल रही। दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही टीम के रूप में सेमीफाइनल में पहुंची थी, क्योंकि वह लगातार सात जीत के साथ प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम थी। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप चरण में न्यूजीलैंड को भी हराया था और सुपर आठ में टूर्नामेंट के मेजबान और प्रबल दावेदार भारत को भी पराजित किया था। लेकिन न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में पिछली बार के उपविजेता को नौ विकेट से हराकर उसे बाहर कर दिया। उसने 43 गेंद शेष रहते जीत हासिल की। केवल 33 गेंद में शतक लगाने वाले एलन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, हमने बस यही उम्मीद की थी कि (कप्तान मिचेल) सैंटनर टॉस जीतें और पहले बल्लेबाजी का फैसला करें, तो यह पहला चरण पूरा हो गया और उसके बाद उसकी चुनौती का डटकर मुकाबला करना था। मैच पर पकड़ बनाना था और किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हटना था।

### टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक

1. फिन एलेन (न्यूजीलैंड) - 33 गेंद बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2026
2. क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) -47 गेंद बनाम इंग्लैंड, 2016
3. क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) -50 गेंद बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2007
4. ब्रेंडन मैकुलम (न्यूजीलैंड) -51 गेंद बनाम बांग्लादेश, 2012
5. राइली रोसो (दक्षिण अफ्रीका) -52 गेंद बनाम बांग्लादेश, 2022

# दक्षिण अफ्रीकी कोच कॉनराड ने कहा, यह 'चोकर' नहीं चारों खाने चित होने जैसा है

एजेंसी (हि.स.)
कोलकाता

दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली नौ विकेट से हार को 'चोकर' (दबाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना) नहीं बल्कि चारों खाने चित होने जैसा बताया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने के बाद आठ विकेट पर 169 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में नौ विकेट से आसानी से जीत हासिल कर ली। उसकी इस जीत में सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने 33 गेंद में नाबाद 100 रन बनाकर टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक बनाया जबकि टिम सीफर्ट ने 33 गेंद पर 58 रन का योगदान दिया।

दक्षिण अफ्रीका इससे पहले भी आईसीसी की प्रतियोगिताओं में नॉकआउट के दबाव वाले मैचों में लड़खड़ाता रहा है जिसके कारण उसे 'चोकर' कहा जाने लगा था। उसने वर्तमान टूर्नामेंट में अजेय रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इस दौरान उसने न्यूजीलैंड और भारत को भी हराया था। कॉनराड ने पहले



फोटोः हि.स.

सेमीफाइनल के बाद पत्रकारों से कहा, मुझे नहीं पता कि आज रात का मुकाबला चोकर जैसा था या नहीं। मुझे तो लगा कि यह चारों खाने चित होने जैसा था। उन्होंने कहा, आपने थोड़ी बहुत तो चुनौती पेश की होती लेकिन आज के मैच में ऐसी कोई झलक नहीं दिखाई दी। दक्षिण अफ्रीका में हम इसके लिए एक शब्द 'मोएर्ड' (बुरी तरह से हारना) का उपयोग करते हैं। कॉनराड यहीं पर नहीं रुके और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के एक मुहावरे का उपयोग करके अपनी टीम की करारी हार की व्याख्या की। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम को 'ग्रोवल' (घुटने टेकना) शब्द का उपयोग करके विवाद पैदा करने वाले कॉनराड ने कहा, आज रात हमें एक करारा 'स्नॉटक्लैप' मिला। यह एक अफ्रीकी शब्द है जिसका अर्थ है बुरी तरह पिटाई, करारा थप्पड़ जिसकी आपको उम्मीद नहीं थी। हमें बिल्कुल वैसा ही महसूस हुआ। न्यूजीलैंड के गेंदबाज कोल मैककॉन्ची ने दूसरे ओवर में ही क्विंटन डीकॉक (10) और रयान रिकेल्टन (00) को लगातार गेंदों पर आउट कर दिया। बाद में रचिन रविंद्र और मैट हेनरी ने बीच के ओवरों में दक्षिण अफ्रीका को दबाव में रखा। बाद में मार्को यानसन (नाबाद 55) और ट्रिस्टन स्टब्स (29) ने टीम के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

कॉनराड ने कहा, स्टैबो और मार्को की बदौलत हमने अच्छी वापसी की, लेकिन न्यूजीलैंड का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने शुरूआती ओवरों में स्पिनरों से परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाया और हम बिल्कुल भी लय हासिल नहीं कर पाए। इसलिए वह जीत के हकदार थे। दक्षिण अफ्रीका के कोच ने कहा कि अभी तक सब कुछ सही चल रहा था लेकिन आज उनका दिन नहीं था। उन्होंने इस बात से भी इंकार कर दिया कि अपने अधिकतर मैच अहमदाबाद में खेलने के कारण वह किसी अन्य स्थान में खेलने के लिए तैयार नहीं थे।

## आईसीसी के हस्तक्षेप के बाद जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों का पहला जत्था भारत से रवाना

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली



फोटोः हि.स.

खाड़ी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद भी भारत में फंसी जिम्बाब्वे की क्रिकेट टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के हस्तक्षेप के बाद आखिरकार स्वदेश रवाना हो गई। जिम्बाब्वे के लिए यह टी20 विश्व कप यादगार रहा। उसने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराकर सुपर आठ में जगह बनाई, लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाया। जिम्बाब्वे की टीम को दो मार्च को स्वदेश रवाना होना था लेकिन एक मार्च को नयी दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका से पांच विकेट से हारने के बाद उसकी टीम यहीं फंस गई थी।

लेकिन आईसीसी ने हस्तक्षेप करते हुए टीम के लिए वैकल्पिक यात्रा योजनाओं की व्यवस्था की जिससे जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों का पहला जत्था आखिरकार बुधवार को स्वदेश रवाना हो गया। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने 'एक्स' पर जारी बयान में कहा, जिम्बाब्वे क्रिकेट इस बात की पुष्टि करता है कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में भाग लेने वाली जिम्बाब्वे की सीनियर पुरुष टीम पारगमन संबंधी बाधाओं के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के बाद भारत से स्वदेश लौट रही है। इसमें कहा गया है, उड़ान की उपलब्धता और संशोधित मार्ग के कारण टीम अलग-अलग बैच में हरारे लौटेगी। खिलाड़ियों का पहला जत्था बुधवार को भारत से रवाना हो गया है, जबकि आखिरी जत्था शुक्रवार दोपहर को रवाना होगा। जिम्बाब्वे की टीम को एमिरेट्स की उड़ान से दुबई होकर स्वदेश लौटना था, लेकिन मध्य पूर्व में संकट के कारण खाड़ी क्षेत्र में उड़ानों में व्यवधान के बाद इसे बदलना पड़ा।

# ऑल इंग्लैंड ओपन 2026: राउंड ऑफ 32 में हारे सात्विक-चिराग

एजेंसी (हि.स.)
बर्मिंघम



फोटोः हि.स.


भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को ऑल इंग्लैंड ओपन 2026 के राउंड ऑफ 32 में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को बुधवार को मलेशिया के आरोन ताई और खाई जिंग कांग ने सीधे गेम में 23-21, 21-12 से पराजित किया। मुकाबला 42 मिनट तक चला।

विश्व नंबर चार भारतीय जोड़ी पहले गेम में अधिकांश समय पीछे रही। हालांकि उन्होंने दो गेम प्वाइंट बचाते हुए स्कोर 20-20 से बराबर किया, लेकिन मलेशियाई खिलाड़ियों ने निर्णायक अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम पूरी तरह एकतरफा रहा। एक समय रंकीरेड्डी और शेट्टी सात अंकों से पीछे चल रहे थे और वापसी नहीं कर सके, जिससे उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। मिश्रित युगल में भी निराशा मिश्रित युगल में भारत के रोहन कपूर और रुथविका गड्डे की जोड़ी को फ्रांस के थॉम गिक्वेल और डेलफीन डेलरू के खिलाफ 12-21, 15-21 से हार झेलनी पड़ी। यह मुकाबला भी 42 मिनट में समाप्त हुआ। आयुष शेट्टी भी हारे पुरुष एकल में 20 वर्षीय आयुष शेट्टी को इंडोनेशिया के विश्व नंबर 14 अल्वी फरहान के खिलाफ तीन गेम तक चले मुकाबले में हार मिली। आयुष ने पहला गेम 21-19 से जीता, लेकिन इसके बाद 9-21 और 17-21 से अगले दो गेम गंवाकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। भारत के लिए ऑल इंग्लैंड ओपन 2026 की शुरूआत निराशाजनक रही, क्योंकि प्रमुख खिलाड़ी पहले ही दौर में बाहर हो गए।

## आर्सेनल ने ब्राइटन को हराकर खिताब का दावा मजबूत किया

**लंदन।** आर्सेनल ने ब्राइटन को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब जीतने की अपनी संभावना मजबूत कर दी है। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मैनचेस्टर सिटी पर सात अंक की बढ़त बना ली है जिसने एक अन्य मैच में नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2-2 से ड्रॉ खेला। बुधवार को खेले गए मैच के स्टॉपेज टाइम के आठ मिनट बाद मैनचेस्टर सिटी को जीत हासिल करने का सुनहरा मौका मिला था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी साविन्हो के शॉट को गोल लाइन के पास से क्लियर कर दिया गया। एर्लिंग हालैंड इस मैच में नहीं चल पाए जिससे मैनचेस्टर सिटी को नुकसान हुआ। राइट विंगर बुकायो साका का नौवें मिनट में किया गया गोल आर्सेनल को जीत के लिए काफी था। इस जीत से आर्सेनल के 30 मैच में 67 अंक हो गए हैं जबकि मैनचेस्टर सिटी के 29 मैच में 60 अंक हैं। इस बीच नए कोच माइकल कैरिक के नेतृत्व में मैनचेस्टर यूनाइटेड का लगातार सात मैचों का अजेय क्रम न्यूकैसल के हाथों 2-1 की हार के साथ समाप्त हो गया। इस मैच में मिडफील्डर जैकब रैमसे को पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में रेड कार्ड दिखाया गया और स्थानापन्न खिलाड़ी विलियम ओसुला ने 90वें मिनट में गोल किया।

## एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप क्वालिफायर के लिए हैदराबाद पहुंची ऑस्ट्रिया की टीम




फोटोः हि.स.

एजेंसी (हि.स.)
हैदराबाद

ऑस्ट्रिया की महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 क्वालिफायर में भाग लेने के लिए गुरुवार को हैदराबाद पहुंच गई। हैदराबाद, तेलंगाना में होने वाले इस टूर्नामेंट में आठ देश हिस्सा लेंगे, जहां से तीन टीमें इस साल अगस्त में एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई करेंगी। यह विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड में आयोजित किया जाएगा। ऑस्ट्रिया का एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप में समृद्ध इतिहास रहा है। टीम ने इस प्रतियोगिता के शुरूआती चार संस्करणों में से तीन में भाग लिया था। हालांकि, ऑस्ट्रिया 1981 के बाद से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाया है। कप्तान जोहाना चेक के नेतृत्व में ऑस्ट्रिया की टीम पूल-ए में इंग्लैंड, इटली और कोरिया के साथ मुकाबला करेगी। टीम का लक्ष्य 45 वर्षों बाद विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर इतिहास रचना है। कप्तान जोहाना चेक ने टूर्नामेंट को लेकर कहा, हम सबके लिए यह भारत में पहली बार है, इसलिए हम काफी उत्साहित हैं और अच्छा हॉकी खेलना चाहते हैं। टूर्नामेंट से पहले हमारी तैयारी थोड़ी कम रही क्योंकि हमें केवल एक प्रशिक्षण सत्र मिला, लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। यहां मैचों से पहले हमें कुछ और अभ्यास सत्र मिलेंगे और हम मैदान पर अपना सब कुछ झोंक देंगे।



# एनआईटी में निकली फैकल्टी के पदों पर भर्ती, आज से आवेदन शुरु




देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में से एक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुचिरापल्ली (एनआईटी त्रिची) ने वर्ष 2026 के लिए संकाय भर्ती की आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। संस्थान ने सहायक प्रोफेसर (ग्रेड-II और ग्रेड-I), एसोसिएट प्रोफेसर तथा प्रोफेसर पदों पर कुल 122 रिक्तियों की घोषणा की है। योग्य और इच्छुक अभ्यर्थी 6 मार्च 2026 से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 6 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है, जबकि आवेदन की हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि 16 अप्रैल 2026 है।

### रिक्तियों का विवरण

इस भर्ती के तहत कुल 122 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इनमें सहायक प्रोफेसर (द्वितीय श्रेणी) के 86 पद, सहायक प्रोफेसर (श्रेणी-प्रथम) के 19 पद, सह-प्राध्यापक के 15 पद तथा प्रोफेसर के 2 पद शामिल हैं। यह भर्ती विभिन्न विभागों में योग्य अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए आयोजित की जा रही है।

| पोस्ट नाम | कुल पोस्ट |
|---|---|
| सहायक प्रोफेसर (द्वितीय श्रेणी) | 86 |
| सहायक प्रोफेसर (श्रेणी - प्रथम) | 19 |
| सह - प्राध्यापक | 15 |
| प्रोफेसर | 2 |
| कुल | 122 |

### देखें वेतनमान

| पद नाम | वेतन स्तर (7वां सीपीसी) |
|---|---|
| सहायक प्रोफेसर (ग्रेड- II) | लेवल 10 |
| सहायक प्रोफेसर (ग्रेड - I) | लेवल 12 |
| एसोसिएट प्रोफेसर | लेवल 13A2 |
| प्रोफेसर | लेवल 14A |

### ऐसे करें आवेदन

सबसे पहले एनआईटी त्रिची की आधिकारिक वेबसाइट खोलें। नया उम्मीदवार होने पर ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर से पंजीकरण करें। रजिस्ट्रेशन के बाद प्राप्त यूजर आईडी और पासवर्ड से लॉगिन करें। व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और अन्य आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक भरें। फोटो, हस्ताक्षर, शैक्षणिक प्रमाणपत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज निर्धारित प्रारूप में अपलोड करें। यदि लागू हो तो ऑनलाइन माध्यम से शुल्क का भुगतान करें। सभी विवरण जांचने के बाद आवेदन फॉर्म सबमिट करें। भरे हुए आवेदन फॉर्म की प्रिंट कॉपी निकाल लें। उम्मीदवारों को आवेदन की हार्ड कॉपी और आवश्यक स्व-सत्यापित दस्तावेज 16 अप्रैल 2026 तक रजिस्ट्रार को भेजने होंगे।

# पंजाब की आंगनबाड़ियों में 6110 पदों के लिए दोबारा खुली आवेदन विंडो

## 10वीं-12वीं पास महिलाएं करें आवेदन

**पंजाब सामाजिक सुरक्षा एवं महिला एवं बाल विकास निदेशालय (SSWCD Punjab) ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायक के 6110 पदों पर भर्ती 2026 के लिए अधिसूचना जारी की है। इस भर्ती के तहत 12वीं और 10वीं पास योग्य उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 25 फरवरी 2026 से दोबारा शुरू हो चुकी है और 11 मार्च 2026 तक चलेगी। इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।**




### भर्ती का संक्षिप्त विवरण

| विवरण | जानकारी |
|---|---|
| पोस्ट नाम | आंगनवाड़ी कार्यकर्ता (AWW), आंगनवाड़ी सहायक (AWH) |
| पदों की संख्या | 1316 AWW, 4794 AWH (कुल 6110) |
| वेतन | पंजाब सरकार के मानदंडों के अनुसार |
| योग्यता | 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण |
| आयु सीमा | 18 से 37 वर्ष (दिनांक 01-07-2025 तक) |
| पुनः ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 11-03-2026 |
| आधिकारिक वेबसाइट | sswcd.punjab.gov.in |

### कौन कर सकता है आवेदन

पंजाब सामाजिक सुरक्षा और महिला एवं बाल विकास द्वारा जारी भर्ती के अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता (AWW) के 1316 पद निर्धारित किए गए हैं, जिनके लिए उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। वहीं आंगनवाड़ी सहायक (AWH) के 4794 पदों के लिए उम्मीदवार का 10वीं पास होना आवश्यक है। इस भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष और अधिकतम आयु सीमा 37 वर्ष तय की गई है। हालांकि, आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को सरकारी नियमों के अनुसार अधिकतम आयु में छूट प्रदान की जाएगी।

### इतना लगेगा आवेदन शुल्क

आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अतिरिक्त जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 250 रुपये शुल्क तय किया गया है।

### ऐसे करें आवेदन

सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। नए उम्मीदवार पहले रजिस्ट्रेशन करें। लॉगिन करके ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरें। आवश्यक दस्तावेज और प्रमाणपत्र पीडीएफ फॉर्मेट में अपलोड करें। यदि लागू हो तो आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करें। सभी भरी गई जानकारी को दोबारा जांच लें। अंतिम तिथि से पहले आवेदन फॉर्म सबमिट करें। भविष्य के लिए आवेदन पत्र का प्रिंटआउट सुरक्षित रख लें।

# केंद्रीय विवि में निकली प्रोफेसर की भर्ती

दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया ने सीयूएसबी संकाय भर्ती 2026 के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों और विभागों में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के कुल 35 पदों पर भर्ती की जाएगी। योग्य और इच्छुक अभ्यर्थी 30 मार्च 2026 तक सीयू-चयन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया उम्मीदवार के अकादमिक रिकॉर्ड, शोध योगदान और साक्षात्कार में प्रदर्शन पर आधारित होगी, जिसमें सेमिनार या व्याख्यान शामिल हो सकता है।



आवेदन शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या नेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है।

### आवेदने के लिए जरूरी योग्यता

**प्रोफेसरः** संबंधित विषय में पीएचडी होना जरूरी है। कम से कम 10 शोध लेख प्रकाशित होने चाहिए। 10 साल का पढ़ाने या रिसर्च का अनुभव होना चाहिए। शोध स्कोर 120 होना चाहिए। या फिर पीएच.डी. के साथ 10 साल का उत्कृष्ट अनुभव रखने वाले पेशेवर भी आवेदन कर सकते हैं।

**सह-प्राध्यापकः** संबंधित विषय में पीएचडी और मास्टर डिग्री में कम से कम 55% अंक होने चाहिए। 8 साल का शिक्षण या रिसर्च अनुभव जरूरी है। 7 शोध प्रकाशन और 75 का शोध स्कोर होना चाहिए।

**सहायक प्रोफेसरः** संबंधित विषय में कम से कम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री होनी चाहिए। बीएड में भी 55% अंक जरूरी हैं। साथ ही NET परीक्षा पास होना चाहिए या फिर पीएच.डी. डिग्री होनी चाहिए।

### कितना देना होगा आवेदन शुल्क

आवेदन शुल्क की बात करें तो, सामान्य (UR), ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 2,000 निर्धारित किया गया है, जबकि एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी और महिला अभ्यर्थियों को शुल्क भुगतान से छूट दी गई है।

### मिलेगा शानदार वेतन

**प्रोफेसरः** शैक्षणिक वेतन स्तर 14 के अंतर्गत वेतनमान 1,44,200 रुपये से 2,18,200 रुपये प्रतिमाह निर्धारित है।

**सह-प्राध्यापकः** शैक्षणिक वेतन स्तर 13ए के अंतर्गत वेतनमान 1,31,400 रुपये से 2,17,100 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा।

**सहायक प्रोफेसरः** शैक्षणिक वेतन स्तर 10 के अंतर्गत वेतनमान 57,700 रुपये से 1,82,400 रुपये प्रतिमाह निर्धारित है।

### ऐसे करें आवेदन

सबसे पहले विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। CU-CHAYAN पोर्टल के लिंक पर क्लिक करें। नए अभ्यर्थी पहले रजिस्ट्रेशन करें और लॉगिन आईडी व पासवर्ड प्राप्त करें। लॉगिन करने के बाद आवेदन फॉर्म में अपनी व्यक्तिगत, शैक्षणिक और अनुभव संबंधी जानकारी भरें। आवश्यक दस्तावेज (फोटो, हस्ताक्षर, प्रमाण पत्र आदि) अपलोड करें। निर्धारित आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करें (यदि लागू हो)। सभी जानकारी की जांच करने के बाद फॉर्म सबमिट करें। भविष्य के लिए आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट सुरक्षित रख लें।

# गांवों में पेयजल आपूर्ति की कमी पर नगराधीश ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पाइपलाइन का कार्य जल्द शुरू करने के दिए निर्देश

## समाधान शिविर में नगराधीश जागृति ने सुनी जिलावासियों की समस्याएं

सिटी दर्पण संवाददाता
पंचकूला



नगराधीश जागृति ने आज लघु सचिवालय के सभागार में हरियाणा सरकार द्वारा निर्देशित समाधान शिविर में जिलावासियों की समस्याएं सुनी और मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को तय समय सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए। गांव जासपुर, खंड रायपुररानी के गौरव शर्मा ने शिकायत दी कि गांव में कुछ लोगों की मिलीभगत से पंचायती जमीन और तालाब पर अवैध निर्माण कर कब्जा किया गया है। उन्होंने पंचायती जमीन से जल्द से जल्द अवैध कब्जा हटवाने का अनुरोध किया। इस पर नगराधीश ने संज्ञान लेते हुए रायपुररानी के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी और संबंधित एमिनेंट सिटीजन को मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कामधेनु गौशाला रत्तेवाली के प्रतिनिधि ने शिकायत में बताया कि राशि स्वीकृत होने के बावजूद गौशाला की चारदीवारी का कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। इस पर पंचायती राज विभाग के अधिकारी ने बताया कि उक्त कार्य का टेंडर लग चुका है और चारदीवारी का कार्य जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। नगराधीश ने अधिकारी को इस संबंध में अगली बैठक से पूर्व विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत भोज दराड़ा के निवासियों ने पंचायत के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में पूर्ण रूप से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था न होने की शिकायत दी। उन्होंने बताया कि इस कारण कई गांवों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर नगराधीश जागृति ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी को संबंधित गांवों में पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराया कि पानी की पाइपलाइन बिछाने का टेंडर लगा दिया गया है। टेंडर अलॉट होते ही लाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांवों में पेयजल की समस्या नहीं रहेगी।

ग्राम खड़क, मोरनी के मुंशी राम ने बताया कि वे किसान हैं और अपनी कृषि भूमि में सिंचाई के लिए टैंक बनवाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि उनके खेत में प्राकृतिक रूप से कम पानी उपलब्ध होता है। इस संबंध में उन्होंने पहले भी विभाग को आवेदन दिया था, लेकिन अभी तक टैंक बनाने का कार्य शुरू नहीं किया गया है। नगराधीश ने बताया कि समाधान शिविर लोगों की समस्याओं के समाधान का एक सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की मंशा है कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों में न जाना पड़े। इसी सोच के अनुरूप मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार प्रत्येक कार्यदिवस सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है, जहां सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं। उन्होंने बताया कि समय-समय पर मुख्यमंत्री स्वयं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर लोगों से बातचीत करते हैं और उनकी समस्याओं पर की गई कार्रवाई की फीडबैक लेते हैं। इस अवसर पर नायब तहसीलदार हरदेव सिंह, सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन सत्यवान भारद्वाज, जसमेर बंजारा, परमजीत, कमलदीप राणा सहित जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, एचएसवीपी, पीएमडीए, पुलिस, स्वास्थ्य, सिंचाई, नगर निगम और अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 14 हजार बेटियां गायब, बीजेपी सरकार का बेटी बचाओ का नारा हुआ बेनकाब : अनुराग ढांडा

सिटी दर्पण संवाददाता
चंडीगढ़



हरियाणा में भाजपा सरकार के शासनकाल में कानून व्यवस्था का ऐसा भयावह और शर्मनाक चेहरा सामने आ रहा है, जिसने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि राज्य में बेटियों की सुरक्षा का मुद्दा आज सबसे गंभीर संकट बन चुका है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार साल 2025 में 18 वर्ष से अधिक उम्र की 11 हजार से ज्यादा महिलाएं और लगभग 2900 नाबालिग बेटियां लापता हो गईं। यानी कुल मिलाकर लगभग 14 हजार बेटियां गायब हो गईं। यह आंकड़ा अपने आप में भयावह है और भाजपा सरकार के खोखले दावों की पोल खोल देता है।

अनुराग ढांडा ने कहा कि हरियाणा में औसतन हर दिन लगभग 38 बेटियां लापता हो रही हैं। यह स्थिति केवल प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि कानून व्यवस्था के पूर्ण पतन का प्रमाण है। जिस राज्य में रोज दर्जनों बेटियां गायब हो रही हों, वहां सरकार की प्राथमिकता क्या है, यह सवाल हर परिवार के मन में उठ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार एक तरफ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे लगाकर राजनीतिक लाभ उठाती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि उसी राज्य में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। अगर हर दिन दर्जनों बेटियां लापता हो रही हैं तो यह केवल अपराध का मामला नहीं बल्कि पूरे तंत्र की विफलता है। अनुराग ढांडा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह पर सीधा सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर सरकार क्या कर रही है? पुलिस के नाम पर हजारों करोड़ रुपये का बजट दिया गया, लेकिन जमीन पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। पुलिस तंत्र को मजबूत करने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे खुलेआम बेटियों को निशाना बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह स्थिति केवल लापरवाही का मामला नहीं लगती, बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधियों को खुली छूट मिल चुकी है। जब कानून का डर खत्म हो जाता है तो अपराधी बेखौफ हो जाते हैं और आज हरियाणा में वही हो रहा है। मानव तस्करी, अपहरण और संगठित अपराध के गंभीर खतरे के बावजूद सरकार की प्राथमिकता केवल दिखावटी घोषणाएं और प्रचार तक सीमित है।

अनुराग ढांडा ने कहा कि जिन परिवारों की बेटियां लापता हुई हैं, उनका दर्द शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। हर दिन सैकड़ों परिवार अपने बच्चों की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन की संवेदनहीनता उन्हें केवल निराशा दे रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को तुरंत इस पूरे मामले पर जवाब देना चाहिए। सरकार को बताना चाहिए कि आखिर इतने बड़े पैमाने पर बेटियां क्यों गायब हो रही हैं, और उन्हें सुरक्षित वापस लाने के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं।

# इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटीज की देखभाल को समझने ग्रिड पहुंचे एसडी कॉलेज के स्टूडेंट्स

सिटी दर्पण संवाददाता
चंडीगढ़



सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के एस्थीसिया क्लब के स्टूडेंट्स एजुकेशनल फील्ड विज़िट पर गवर्नमेंट रिहैबिलिटेशन इंस्टीट्यूट फॉर इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटीज (ग्रिड), सेक्टर 31 गए। यह विज़िट स्टूडेंट्स को इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटीज, इंटरवेंशन स्ट्रेटेजीस और इनक्लूसिव केयर प्रैक्टिसेज के बारे में प्रैक्टिकल जानकारी देने के लिए डिजाइन की गई थी। इससे स्टूडेंट्स को थेराप्यूटिक टेक्निक्स, इंस्टीट्यूशनल सपोर्ट सिस्टम्स और रिहैबिलिटेशन सर्विसेज में लगे प्रोफेशनल्स के समर्पित प्रयासों को करीब से देखने का मौका मिला।

इस विजिट के दौरान स्टूडेंटिस ने संस्थान के फैकल्टी और स्टाफ सदस्यों के साथ संवाद किया और इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी वाले लोगों को दी जाने वाली असेसमेंट प्रोसेस, पर्सनलाइज्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम और पूरी सपोर्ट सर्विस के बारे में कीमती जानकारी हासिल की। इस एजुकेशनल विजिट में 50 से अधिक स्टूडेंट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने इस पहल को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए विद्यार्थियों में अनुभवात्मक शिक्षा और सामाजिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए क्लब के प्रयासों की सराहना की। यह एजुकेशनल विजिट एस्थीसिया क्लब की इंचार्ज डॉ. तरुणदीप कौर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जबकि डॉ. निधि चड्ढा और प्रतिमा शर्मा ने इसके समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, कॉलेज के मैथ्स विभाग के स्टूडेंट्स ने कल्पना चावला प्लेनेटेरियम और कुरुक्षेत्र पैनोरमा एंड साइंस सेंटर के एजुकेशनल टूर में हिस्सा लिया। इस विज़िट से उन्हें एस्ट्रोनॉमी, साइंटिफिक प्रिंसिपल्स और हिस्टोरिकल नजरिए के बारे में गहरी जानकारी मिली। कल्पना चावला प्लैनेटेरियम में अनुभव के दौरान, स्टूडेंट्स ने शानदार शो का मजा लिया।

# गुरुद्वारा धमतान साहिब में होला-मोहल्ला के पावन अवसर पर सिख युद्ध कला के मुकाबले आयोजित

सिटी दर्पण संवाददाता
धमतान साहिब (खानौरी)

**हरियाणा गुरुद्वारा कमेटी द्वारा ऐतिहासिक गुरुद्वारा धमतान साहिब में होला-मोहल्ला का पावन पर्व बड़े स्तर पर मनाया जाता है**

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा होला-मोहल्ला के पवित्र अवसर पर ऐतिहासिक गुरुद्वारा धमतान साहिब में सिख युद्ध कला की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी ज्ञानी जोगिंदर सिंह ने अरदास करके मुकाबलों का शुभारंभ करवाया। इस कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के टोहाना हलके से सदस्य भाई बलविंदर सिंह खालसा, एडवोकेट सरदार हरजीत सिंह ग्रेवाल, प्रधान, विश्व गतका फेडरेशन एवं चेयरमैन, अंतरराष्ट्रीय सिख शस्त्र विद्या अकादमी (इस्मा), सरदार सुखचैन सिंह कलसानी, जनरल सेक्रेटरी, हरियाणा गतका एसोसिएशन, सरदार दिलदीप सिंह, उपप्रधान, इंटरनेशनल सिख मार्शल आर्ट काउंसिल, सरदार हरसिमरन सिंह, कोऑर्डिनेटर, नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया, सरदार शैरी सिंह, कोऑर्डिनेटर, गतका एसोसिएशन ऑफ पंजाब तथा सरदार प्रदीप सिंह, नेशनल गतका कोच, नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए भाई बलविंदर सिंह खालसा ने कहा कि हरियाणा गुरुद्वारा कमेटी द्वारा ऐतिहासिक गुरुद्वारा धमतान साहिब में होला-मोहल्ला का पावन पर्व बड़े स्तर पर मनाया जाता है जिसमें सिख विरासती युद्ध कला का प्रदर्शन तथा केसरिया दस्तारों का लंगर लगाया जाता है ताकि क्षेत्र में सिख धर्म, सिख इतिहास और संस्कृति के प्रति जागरूकता उत्पन्न की जा सके। एडवोकेट सरदार हरजीत सिंह ग्रेवाल ने इस ऐतिहासिक स्थल पर सिख युद्ध कला के प्रदर्शन देखने हेतु बड़ी संख्या में पहुंची संगत का धन्यवाद किया जिन्होंने गतका खिलाड़ियों के रोमांचक एवं दांतों तले उंगली दबाने वाले करतबों को बड़े ध्यान से देखा। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा क्षेत्र की विभिन्न खाप पंचायतों के प्रधान भी उपस्थित रहे जिनमें नैण खाप पंचायत के चौधरी रणधीर सिंह, ढुल खाप पंचायत के मनोज दूजन तथा अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और हरियाणा गुरुद्वारा कमेटी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। हरियाणा गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों एवं प्रबंधकों द्वारा गतका टीमों को नगद पुरस्कार एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त-समाचार

### मिडिल ईस्ट में बदलते हालात के बीच भारत पूरी तरह तैयार, एनर्जी सप्लाई मजबूत

**चंडीगढ़।** दुनिया भर में बदलते एनर्जी हालात के बाद, पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मीडिया को मौजूदा हालात में देश की तैयारियों के बारे में बताया। बताया गया कि भारत दुनिया भर में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स का तीसरा सबसे बड़ा इंपोर्टर, चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर और पाँचवाँ सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है। मिडिल ईस्ट से होने वाली शॉर्ट-टर्म दिक्कतों से निपटने के लिए देश के पास क्रूड ऑयल और पेट्रोल, डीजल और अळऋजैसे जरूरी पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स का अच्छा स्टॉक है। पिछले कुछ सालों में, भारत ने अपने सोर्स में बदलाव करके अपनी आबादी के लिए एनर्जी की उपलब्धता और किफायत दोनों पक्की की है। भारतीय एनर्जी कंपनियों के पास अब ऐसी एनर्जी सप्लाई है जो होर्मुज स्ट्रेट से होकर नहीं आती है। ऐसे कार्गो उपलब्ध रहेंगे और होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरते समय रास्ते में कुछ समय के लिए प्रभावित हो सकने वाली सप्लाई को कम करने में मदद करेंगे। मंत्रालय ने देश भर में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की सप्लाई और स्टॉक की स्थिति पर लगातार नजर रखने के लिए एक 247 कंट्रोल रूम बनाया है। अभी, सरकार स्टॉक के मामले में काफी हद तक ठीक है। भारतीय ग्राहकों के हितों की रक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। लगातार निगरानी के आधार पर, सरकार को उम्मीद है कि अगर जरूरत पड़ी, तो स्थिति को और बेहतर बनाने के लिए धीरे-धीरे कदम उठाए जा सकते हैं।

### LEPCON 2026 में PGIMER की दोहरी जीत





**चंडीगढ़।** पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च , चंडीगढ़ ने पटना के AIIMS में इंडियन एसोसिएशन ऑफ लेप्रोलॉजिस्ट्स के 33वें दो साल में होने वाले कॉन्फ्रेंस, LEPCON 2026 में देश भर में तारीफ हासिल की, क्योंकि इसके दो स्कॉलर्स ने जाने-माने और बहुत कॉम्पिटिटिव सेशन में टॉप ऑनर्स हासिल किए। सुश्री हिमांशी खेरा, स्टूडेंट, ने फामाकॉलॉजी डिपार्टमेंट की क्लिनिकल फामाकॉलॉजी यूनिट की प्रो. नुसरत शफीक की मेंटरशिप में, अपनी स्टडी बेडक्विलाइन-बेस्ड रेजिमेन फॉर मल्टीबैसिलरी लेप्रोसी नॉट रिस्पॉन्डिंग टू WHO-MDT: ए प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट स्टडी के लिए अवार्ड पेपर सेशन में पहला प्राइज जीता, जिसमें इंटीग्रेटेड प्रीक्लिनिकल और क्लिनिकल रिसर्च के जरिए ट्रीटमेंट-नॉन-रिस्पॉन्सिव लेप्रोसी के लिए एक नए थेराप्यूटिक अप्रोच का मूल्यांकन किया गया। मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉ. राकेश यादव की मेंटरशिप में स्टूडेंट सुश्री मनजोत कौर ने नॉर्थ इंडिया में माइकोबैक्टीरियम लेप्री का होल जीनोम सीक्वेंसिंग-बेस्ड एनालिसिस पर अपने पेपर के लिए दूसरा प्राइज हासिल किया, जिससे रीजनल स्ट्रेन्स के बारे में कीमती जीनोमिक जानकारी मिली। यह रिसर्च क्लिनिकल फामाकॉलॉजी यूनिट, फामाकॉलॉजी डिपार्टमेंट, डमेटॉलॉजी, इम्यूनोपैथोलॉजी, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी और हिस्टोपैथोलॉजी की एक मल्टीडिसिप्लिनरी टीम के गाइडेंस में की गई थी। यह दोहरी पहचान ढॠएफकी लेप्रोसी रिसर्च और इन्फेक्शियस डिजीज इनोवेशन में लगातार बेहतरीन काम को दिखाती है।

### फिट इंडिया कार्निवल का आयोजन एनएसएनआईएस, पटियाला में 7-9 मार्च को होगा

**पटियाला।** भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के अधीन नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएनआईएस), पटियाला, 7 से 9 मार्च 2026 तक एनएसएनआईएस परिसर, पटियाला में फिट इंडिया कार्निवल 2026 का आयोजन करेगा। तीन दिवसीय इस कार्निवल का उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों को विभिन्न शारीरिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करके ₹फिटनेस को मनोरंजन के रूप में₹ बढ़ावा देना है। यह आयोजन खिलाड़ियों, फिटनेस के शौकीनों, छात्रों और आम जनता को फिटनेस और स्वास्थ्य के जीवंत उत्सव में एक साथ लाएगा। फिट इंडिया कार्निवल का उद्घाटन समारोह 7 मार्च 2026 को सुबह 9:00 बजे एनएसएनआईएस, पटियाला में आयोजित किया जाएगा। इस कार्निवल में योग सत्र, जुम्बा फिटनेस सत्र, विभिन्न खेलों के प्रदर्शन, पारंपरिक खेल, मजेदार फिटनेस चुनौतियाँ और लोगों को सक्रिय रहने के लिए प्रेरित करने हेतु डिजाइन किए गए इंटरैक्टिव अनुभव क्षेत्र सहित कई प्रकार की आकर्षक गतिविधियाँ शामिल होंगी। कार्निवल का एक विशेष आकर्षण 8 मार्च 2026 को आयोजित होने वाला 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम होगा, जिसका आयोजन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया जा रहा है।

### आईटीबीपी की दोहरी जीत का जश्न



**पंचकूला।** बीटीसी भानु आईटीबीपी ने अपने दो बेहतरीन टीमों - सेंट्रल कमांडो टीम और सेंट्रल इक्वेस्ट्रियन टीम - के सम्मान में एक भव्य विजय परेड का आयोजन किया। सेंट्रल कमांडो टीम ने एनएसजी मानेसर में आयोजित 16वीं अखिल भारतीय पुलिस कमांडो प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसमें उन्हें ओवरऑल बेस्ट और चक्रव्यूह ट्रॉफी के साथ 24 स्वर्ण पदक मिले। इस टीम ने अपनी शारीरिक फिटनेस, युद्ध कौशल, और फायरिंग प्रवीणता का शानदार प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, सेंट्रल इक्वेस्ट्रियन टीम ने बीएसएफ टेकानपुर में आयोजित 44वीं अखिल भारतीय ईक्वेस्ट्रियन मीट में लगातार 5वीं बार ओवरऑल बेस्ट ट्रॉफी जीती। इस टीम ने कुल 23 पदक जीते, जिनमें 11 स्वर्ण, 8 रजत, और 4 कांस्य पदक शामिल हैं। विजय परेड की शुरूआत वेस्टर्न कमांड आईटीबीपी से हुई, जहां टीमों का भव्य स्वागत किया गया।

# मान की सरकार की तरफ से मोहाली हलके के लिए बड़ा तोहफा


सिटी दर्पण संवाददाता
मोहाली



विधायक मोहाली कुलवंत सिंह ने रूलर हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर (फ़ऌ.ळ.उ.) सेनेटा का दौरा किया। इस मौके पर विधायक कुलवंत सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब से भगवंत सिंह मुख्यमंत्री पंजाब के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, कुछ ही दिनों में किए गए वादों और दी गई गारंटी में से पंजाब के लोगों की सुविधा के लिए 600 यूनिट बिजली माफ करने का ऐलान किया गया था। और आज 80% से ज्यादा परिवार मुफ़्त बिजली का फायदा उठा रहे हैं, उन्होंने कहा कि सरकार ने शुरू से ही पंजाब में सेहत और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं पर बहुत ध्यान दिया है और दे रही है। उन्होंने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक, सरकारी अस्पतालों में बड़े पैमाने पर डॉक्टर और जरूरी स्टाफ की भर्ती की गई, जिससे काम आसानी से चलने लगा और इसके अलावा पंजाब के सभी स्कूलों में भी जरूरी स्टाफ पूरा हो गया। विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि रूलर हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर में मेडिकल डॉक्टर, बी. आर. अंबेडकर मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले स्टूडेंट डॉक्टर यहीं ट्रेनिंग लेंगे और प्रोफेसर/डॉक्टर हर समय यहां मौजूद रहेंगे और लोगों के लिए मेडिकल सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि ओ.पी.डी. शुरू हो गई है, एक्स-रे मशीन आ गई है और डेंटल क्लिनिक भी खुल गया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट गांवों में जाकर परिवारों के साथ बैठकर अलग-अलग बीमारियों और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी इकट्ठा करेंगे और उन्हें मौके पर ही मेडिकल सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। यह मुख्यमंत्री भगवंत सिंह की सरकार द्वारा मोहाली विधानसभा क्षेत्र के लोगों को दिया गया एक बड़ा तोहफा है और लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए, उन्होंने कहा कि मैं क्षेत्र के लोगों से अपील करता हूं कि वे माहिर डॉक्टरों की टीम से अपना इलाज करवाने के लिए आएं, विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि सरकारी डॉक्टर मरीजों का सेवा भावना से इलाज करते हैं, विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि अब लोगों पर स्वास्थ्य संबंधी कोई वित्तीय बोझ नहीं है, क्योंकि मोहल्ला क्लीनिक पहले से ही बड़े स्तर पर काम कर रहे हैं और अब मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 10 लाख रुपये के बड़े पैमाने पर लोगों के कार्ड बनाए जा रहे हैं और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत इलाज भी शुरू हो गया है। इस अवसर पर डॉ. नवदीप सिंह सैनी डायरेक्टर-प्रिंसिपल/डॉ. बी. आर. अंबेडकर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस मोहाली द्वारा डॉ. नवदीप सिंह के मार्गदर्शन में, डॉ. अमित कौर विर्क- कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष, डॉ. अक्षय कुमार सहायक प्रोफेसर, एसएमओ- वन-एच.एस. चीमा, रटड-टू डॉ. परमिंदर सिंह के अलावा कुलदीप सिंह समाना, अवतार सिंह मौली, राजिंदर प्रसाद शर्मा, जसपाल मटौर, गुरदेश सिंह सरपंच सनेटा, निरमैल सिंह सनेटा, पाल सिंह पूर्व पंच, रूप चंद सनेटा, रामेश्वर सनेटा, हरजिंदर सिंह सरपंच धीरपुर भी मौजूद थे।

# विनय कुमार ने विकास कार्यों और नागरिक सेवाओं के लिए एडवांस इंस्पेक्शन शेड्यूल किया जारी

सिटी दर्पण संवाददाता
पंचकूला



पारदर्शिता, जवाबदेही और बेहतर क्षेत्रीय निगरानी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, नगर निगम पंचकूला के आयुक्त श्री विनय कुमार ने शहर भर में चल रहे विकास कार्यों और नागरिक सेवाओं की नियमित समीक्षा के लिए एक एडवांस्ड डिटेल्ड इंस्पेक्शन शेड्यूल जारी किया है। इस पहल की शुरूआत नगर निगम आयुक्त श्री विनय कुमार के नेतृत्व में की गई है, जिसका उद्देश्य विकास परियोजनाओं को समय पर पूरा करना, सेवा वितरण में सुधार लाना तथा सभी वार्डों में नागरिक आधारभूत संरचना के उच्च मानकों को बनाए रखना है। इस पहल की एक विशेषता यह है कि इसमें जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया गया है। निरीक्षण शेड्यूल की प्रतियां पहले ही संबंधित रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों और मार्केट एसोसिएशनों के साथ साझा कर दी गई हैं, ताकि निवासी और अन्य हितधारक निरीक्षण के दौरान सक्रिय रूप से भाग ले सकें और अपनी समस्याएं व सुझाव सीधे क्षेत्रीय स्तर पर प्रस्तुत कर सकें। नगर निगम द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, नगर निगम आयुक्त श्री विनय कुमार 9 मार्च 2026 से 17 मार्च 2026 तक प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से विभिन्न क्षेत्रों में स्वयं निरीक्षण करेंगे। इस दौरान सकेतडी, महादेवपुर, भैंसा टिब्बा, मनसा देवी कॉम्प्लेक्स सेक्टर-4 और 5, सेक्टर-6 सहित आसपास के क्षेत्रों का दौरा किया जाएगा।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी कमेटी (दिशा) की बैठक हुई संपन्न

# सांसद ने एसडीएम को सीएससी सैंटरों की चैंकिंग करने के निर्देश दिए

सिटी दर्पण संवाददाता
पंचकूला




अंबाला लोकसभा क्षेत्र के सांसद व जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति पंचकूला (दिशा) के अध्यक्ष श्री वरूण चैधरी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं ताकि जिला के लोग इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सके। अंबाला लोकसभा क्षेत्र के सांसद व जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के अध्यक्ष ने आज लोक निर्माण विश्राम गृह सेक्टर-1 में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में ये निर्देश दिए। सांसद वरूण चैधरी ने सभी अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि जनता के कार्यो को बिना विलंब व प्राथ्मिकता के आधार पर पूरा करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है ताकि लोगों को राज्य और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में पंचकूला विधायक श्री चंद्रमोहन, नगर परिषद कालका के चैयरमेन श्री कृष्ण लांबा और पंचकूला के उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में जिला में हो रहे विकास कार्यों के संबंध में लगभग 90 विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और अधिकारियों से फीडबैक लिया व उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सही व पात्र व्यक्ति तक पंहुचाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। संबंधित अधिकारी तय समय सीमा में कार्य को पूरा करें, जिससे कि जिला की जनता को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। सांसद श्री चैधरी ने नागरिक अस्पताल में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के बारे में विस्तार से फीडबैक लिया और सिविल सर्जन को जनऔषधी केंद्र में दवाईयों की बिक्री बढाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होने अस्पताल में शौचालयों की नियमित साफ सफाई करने पर बल दिया। उन्होने कहा कि गर्मियां के मौसम को देखते हुए नागरिक अस्पताल में एसी को भी समय रहते दुरूस्त किया जाए ताकि मरीजों को कोई असुविधा न हो।

सांसद श्री वरूण चैधरी ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जिले की आधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड करने के लिए डीआईओ आस्था की सराहना की और कहा कि वैबसाईट पर जानकारी उपलब्ध होने से जिला के लोगों को योजनाओं की विस्तार से जानकारी मिल सकेगी व लोग जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। सांसद अंबाला ने जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूलों की मानिटरिंग कर स्कूलों की बिलडिंग की मुरम्मत, स्कूल में नए कमरों के निर्माण, लाईब्रेरी, वाटर कूलर व लैबोरेट्री, लडके व लडकियों के लिए शौचालयों के निमार्ण व मरम्मत की आवश्यकता की जानकारी अगली बैठक में देने के निर्देश दिए।

श्री वरूण चैधरी ने कहा कि ऑनलाइन सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए खोले गए कॉमन सर्विस सेंटरों (सीएचसी) की संख्या के बारे में भी जानकारी ली। उन्होने निर्देश दिए कि जो लोग कॉमन सर्विस सेंटर के नाम पर ज्यादा पैसा जनता से ले रहे हैं उनके विरूद्व भी कारवाई करने की जरूरत है। उन्होने जिन गांव व कस्बों में सीएससी सैंटरों की सुविधा नही है या बंद पडे हैं उन गांवों में भी पुनः सीएससी सैंटरों को शुरू करने पर भी बल दिया।

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने कहा कि अध्यक्ष जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के निदेर्शानुसार जिला में योजनाओं का सफल क्रियांवन किया जाएगा। इसके लिए अधिकारी बैठक आयोजित कर विस्तार से समीक्षा करेंगे और लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के बारे जागरूक करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि विभागाध्यक्ष अपने स्तर पर योजनाओं की समीक्षा करके रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजें। उपायुक्त ने सांसद को जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों की तरफ से तय समय सीमा में काम करने व कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का ओर स्वयं मॉनिटरिंग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एडीसी कम सीईओ जिला परिषद निशा यादव, नगर निगम कमिश्नर विनय कुमार, एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, जिला शिक्षा अधिकारी संध्या, सिविल सर्जन डॉ मुक्ता कुमार, जिला खेल अधिकारी नील कमल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विशाल पराशर, बीडीपीओ पिंजौर विनय प्रताप, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता समीर शर्मा, वन विभाग, मतस्य विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।